वर्ष 23, अंक 223, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 07 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### बीजेपी ने जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए जारी किया संकल्प पत्र

# 370 अब कभी लौट नहीं सकता...

### घर की एक महिला को सालाना 18 हजार, जम्मू-श्रीनगर में मेट्रो ट्रेन...





**श्रीगनरः बीजेपी** ने जम्मू-कश्मीर के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में पार्टी के संकल्प पत्र को जारी किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अभी तक जितनी पार्टियों ने यह शासन किया। सभी ने तुष्टीकरण की राजनीति की। शाह ने पिछले 10 साल बीजेपी के विकास और सुशासन को समर्पित रहे। शाह ने कहा कि 10 सालों में यहां पर्यटन बढ़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस को घेरा। शाह ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ फारुक अब्दुल्ला पर तीखा हमला भी बोला। इसके बाद उन्होंने संकल्प पत्र की बड़ी बातों का ऐलान किया।

**अब नहीं लौटेगी धारा 370**

संकल्प पत्र को जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने नेशनल कांफ्रेंस का एजेंडा पढ़ा। इसमें गुमराह किया गया है। इसको कांग्रेस का भी समर्थन है। शाह ने कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि अब जम्मू-कश्मीर में कभी भी धारा 370 नहीं लौटेगी। इसी धारा की वजह से आंतकवाद था। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के पिछले 10 सालों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया है। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक बम धमाकों और मशीनगन की आवाजें सुनी गई हैं, लेकिन पिछले 10 सालों में काफी बदलाव आया है। सुरक्षाबलों के साथ आमलोगों की मौतों में भी कमी आई है।

10 साल शांति और विकास के रहे। एक जमाने में 370 की परछाई में अलगाववाद हुर्रियत जैसे संगठन के सामने हमने नतमस्तक होते देखा है। 5 अगस्त 2019 को 370 की समाप्ति नरेंद्र मोदी सरकार ने किया। हमने ठउ और कांग्रेस को देखा लेकिन 370 कभी नही आएगा। अब पत्थरबाजी की घटना नहीं हो रही है। 30 साल बाद घाटी में थियेटर चालू हुआ और 32 साल बाद ताजिया की घटना शांतिपूर्ण तरीके से हुई। ठउ का घोषणा पत्र पढ़ा और आश्चर्य हुआ कि इस तरह की घोषणा की जाती है कांग्रेस की भी मौन सहमति है। राहुल गांधी से मैं सवाल पूछना चाहता हूं। संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाओं को गिनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू के विकास के लिए काम नहीं किया है। ऐसे में जम्मू के विकास पर पूरा फोकस होगा। शाह ने कहा कि हर घर नल योजना के तहत सभी घरों को कवर करेंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में 10 हजार की सब्सिडी राज्य सरकार देगी। इसके अलावा वृद्धवस्था पेंशन को तीन हजार रुपये करेंगे। किसान सम्मान निधि के तहत अमित शाह ने 6 हजार रुपये के साथ चार हजार रुपये की राशि और जोड़ने का ऐलान किया।

**कांग्रेस को शाह ने दी चुनौती**

केंद्रीय गृह मंत्री ने संकल्प पत्र जारी करने के साथ ही नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पर हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि क्या वे नेशनल कांफ्रेंस के उस एजेंडे के साथ जिमसें दो ध्वज की बात कही गई है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि क्या वह धारा 370 पर क्या नेशनल कांफ्रेंस के स्टैंड का समर्थन करती है। शाह ने कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का एजेंडा फिर से आतंकवाद की ओर ले जाने वाला है।

**बीजेपी संकल्प पत्र की बड़ी बातें:**

- शांतिपूर्ण सुरक्षित और विकसित जम्मू कश्मीर का निर्माण
- महिलाओं के विकास पर फोकस करेंगे, मताओं प्रतिवर्ष 18 हजार रुपये देंगे
- उज्जवला योजना के सभी लाभार्थियों को दो सिलेंडर मुफ्त देंगे
- कॉलेज के विद्यार्थियों को 3 हजार रुपये ट्रैवलिंग आलउंस देंगे
- प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवाओं 10 हजार रुपये का री-इंबर्समेंट मिलेगा
- पीर पंजाल, जम्मू की तरफ के छात्र-छात्राओं को टैबलेट और लैपटॉप देंगे
- जम्मू को पहलगाम से भी अच्छा टूरिस्ट प्लेस बनाएंगे
- डल झील को विश्व स्तरीय टूरिस्ट प्लेस बनाएंगे
- श्रीनगर में एक एम्यूजमेंट पार्क बनाएंगे जो अनूठा होगा जम्मू के नदियों को रिवरफ्रंट का टूरिस्ट प्लेस बनाएंगे
- जम्मू और श्रीनगर दोनों शहरों में जल्द मेट्रो भी दौड़ाएंगे
- आतंकवाद की बलि चढ़े मंदिरों का भी विकास होगा
- सत्ता में आने के बाद आतंकवाद पर श्वेतपत्र जारी करेंगे
- आतंकवाद पर जो प्रहार किया है उसे और कड़ा करेंगे अतिरिक्त सब्सिडी, वृद्धवस्था पेंशन बढ़ाई

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूरत, गुजरात में जल संचय जनभागीदारी पहल के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ



**नई दिल्ली।**

**गुजरात** के मुख्यमंत्री श्रीमान भूपेंद्र भाई पटेल, केंद्रीय मंत्रिपरिषद में मेरे साथी सी. आर. पाटिल, निमुबेन, गुजरात सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, देश के सभी जिलों के डीएम, कलेक्टर, अन्य महानुभाव और मेरे सभी भाइयों एवं बहनों!

आज गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उसके पूर्व पिछले दिनों देश के हर कोने में जो वर्षा का तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई इलाका होगा, जिसको इस मुसीबत से संकट को झेलना ना पड़ा हो। मैं कई वर्षों तक गुजरात का मुख्यमंत्री रहा, लेकिन एक साथ इतने सभी तहसीलों में इतनी तेज बाारिश मैंने कभी ना सुना था, ना देखा था। लेकिन इस बार गुजरात में बहुत बड़ा संकट आया। सारी व्यवस्थाओं की ताकत नहीं थी कि प्रकृति के इस प्रकोप के सामने हम टिक पाएं।

लेकिन गुजरात के लोगों का अपना एक स्वभाव है, देशवासियों का स्वभाव है, सामर्थ्य है कि संकट की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर के हर कोई, हर किसी की मदद करता है। आज भी देश के कई भाग ऐसे हैं, जो भयंकर वर्षा के कारण परेशानियों से गुजर रहे हैं।

जल-संचय, ये केवल एक पॉलिसी नहीं है। ये एक प्रयास भी है, और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है, और उत्तरदायित्व भी है।

## मैं चुनाव नहीं लड़ रही हूं, ना ही मैं किसी राजनीतिक दल में शामिल हूं : साक्षी

**नई दिल्ली। रेसलर** विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि वह कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही थी कि अब साक्षी मलिक भी राजनीति में एंट्री कर सकती हैं। लेकिन, इस पर उन्होंने खुद अपनी चुप्पी तोड़ी है। साक्षी मलिक ने साफ कर दिया है कि वो चुनाव नहीं लड़ रही हैं और ना ही किसी पार्टी में शामिल हो रही हैं।

## हरियाणा में कांग्रेस से गठबंधन की बातचीत टूट की कगार पर, आप कर रही बड़ी तैयारी

**हरियाणा**

**हरियाणा** में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर सहमति बनती नहीं दिखाई दे रही है. सीटों की संख्या को लेकर दोनों दलों में बात नहीं बन पा रही है. सूत्रों के मुताबिक दोनों के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने की कगार पर है. वहीं आम आदमी पार्टी 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. आप उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी हो सकती है. दरअसल, पिछले कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर चर्चा तेज थी. ऐसा दावा भी किया गया कि हरियाणा में राहुल गांधी आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन चाहते हैं. इसके बाद खबरें ये आईं कि कांग्रेस आप को हरियाणा में सात सीटें देने पर राजी हो गई, जबकि आप ने कांग्रेस से 10 सीटें मांगी थी.



**50 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही आप**

वहीं अब सूत्रों के हवाले से ये खबर सामने आई है कि हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सीट शेयरिंग को लेकर बात नहीं बन पा रही है. आप को कांग्रेस का फॉमूर्ला मंजूर नहीं है. यही नहीं आप हरियाणा में 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है. रविवार तक पार्टी की पहली लिस्ट आने की भी बात सामने आई है।

## सीएम नीतीश कुमार ने किया साफ, कहा- दो बार गलती हुई अब कभी इधर-उधर नहीं होंगे

**पटना। बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर साफ कर दिया कि वे अब किसी अन्य गठबंधन के साथ नहीं जाने वाले हैं, वे एनडीए के साथ ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि दो बार गलती हुई है अब कभी इधर-उधर नहीं होंगे। सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में नवनिर्मित क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के उद्घाटन के मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 में जब हम लोग आए थे तो क्या हालत थी।



सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी थी। दवा और अन्य सुविधाओं की कमी थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिमाह 39 मरीज आते थे,

हम लोग जैसे ही सरकार में आए 2006 में अस्पतालों में मुफ्त दवा की शुरूआत की गई।

## शेख हसीना को वापस जाना होगा बांग्लादेश? मोहम्मद यूनुस के बयान से प्रत्यर्पण पर छिड़ी नई बहस

**ढाकाः बांग्लादेश** के पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद 5 अगस्त को भारत आईं शेख हसीना के प्रत्यर्पण का सवाल लगातार उठ रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस के बयान के बाद ये सवाल एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। यूनुस ने अपने हालिया बयान में कहा है कि भारत में कोई भी हसीना के रुख से सहज नहीं है, क्योंकि हम उन्हें वापस लाना चाहते हैं। वह भारत में हैं और कभी-कभी बोलती रहती हैं, जो कि ठीक नहीं है। वह चुप रहतीं तो हम भूल जाते लेकिन भारत में बैठकर वह बोल रही हैं। यह किसी को यह पसंद नहीं है। यह हमारे लिए या भारत के लिए अच्छा नहीं है।



फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यूनुस शेख हसीना के 13 अगस्त के बयान का जिक्र कर रहे थे, जिसमें बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम की जांच की माग की थी। यह अब तक हसीना की ओर से आया एकमात्र बयान है। इसे उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय के एक्स हैंडल से शेयर किया गया था। यूनुस के बयान के बाद पूछा जा रहा है कि क्या हसीना को बांग्लादेश प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

हसीना को प्रत्यर्पित किया जा सकता है?


बांग्लादेश सरकार चाहे तो भारत से उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध कर सकता है।

### कांग्रेस अपने और हम अपने मैनिफेस्टो के साथ चुनाव में जाएंगे

## काम-कॉन्ट्रैक्ट बाहर के लोगों को दिए जा रहे-अब्दुल्ला

**जम्मू कश्मीर**

**उमर** अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस अपने मैनिफेस्टो और संकल्प के साथ चुनाव में जाएगी और हम अपने। पोस्ट पोल अरेंजमेंट पोस्ट पोल के हालात पर निर्भर करेंगे। वहीं उमर से पूछा गया कि वो अपने चुनावी भाषणों में स्थानीय मुद्दों पर जोर दे रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी ने राष्ट्रीय मुद्दों पर ही भाषण दिया।



भारतीय राजनेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 2009 से जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व किया है। वह 2018 में इसके दो भागों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बंटने से पहले जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के आखिरी नेता थे। दो बार श्रीनगर के सांसद के रूप में और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में कुछ समय के लिए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री रहे, उन्होंने पार्टी मामलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2002 में इस्तीफा दे दिया। उमर को फरवरी 2020 में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था, उसी वर्ष मार्च में आदेश रद्द कर दिया गया था। एएनआई के साथ इंटरव्यू में उन्होंने जम्मू कश्मीर के मुद्दे से लेकर कांग्रेस संग गठबंधन पर खुलकर बात की है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस अपने मैनिफेस्टो और संकल्प के साथ चुनाव में जाएगी और हम अपने।

## हरियाणा में चुनाव नहीं लड़ेगी सपा, अखिलेश ने सोशल मीडिया के जरिए दिए संकेत

**नई दिल्ली। हरियाणा** विधानसभा चुनाव से समाजवादी पार्टी (सपा) ने किनारा कर लिया है। इसके संकेत सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के विकास और सौहार्द की विरोधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने में ह्यइंडिया अलायंसह्ण की जो भी पार्टी सक्षम होगी, हम उसके साथ अपने संगठन और समर्थकों की शक्ति को जोड़ देंगे।

### मुख्यमंत्री ने दुनिया के पहले जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन किया

## गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज : सीएम योगी

**गोरखपुर। उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में स्थापित दुनिया के पहले जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन किया।

उन्होंने वन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाएं। जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी मिल सकेगी। साथ ही यह फॉरेस्ट्री को विकसित करने और वन संरक्षण का बड़ा माध्यम भी बनेगा। उन्होंने केंद्र के निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।



उन्होंने कहा कि जब विकास प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा। लंबे समय तक उसका लाभ मिलेगा। प्रकृति और पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास क्षणिक और खतरनाक होता है। इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। गिद्धराज जटायु के रामायणकालीन आख्यान का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पेस्टीसाइड के दुष्प्रभाव से पर्यावरण के संरक्षक गिद्धों की संख्या तेजी से घटी है। उनके संरक्षण के लिए यूपी और भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का पहला संरक्षण केंद्र कैम्पियरगंज में खोला गया है। इस केंद्र में वनटांगिया समुदाय के लोग भी केयरटेकर के रूप में नौकरी से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि प्रकृति और इसके जीवों को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आज हम जटायु संरक्षण केंद्र के माध्यम से अपनी वैदिक और पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। गिद्धराज जटायु धर्म और नई गरिमा की रक्षा के लिए रामायण काल के पहले बलिदानी थे। उन्होंने सीताजी के दुखभरे वचन को सुनकर ही जान लिया था कि यह आवाज रघुकुल तिलक श्रीराम की अर्धांगिनी की है।

## कांग्रेस में शामिल हुए विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया; भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**नई दिल्ली। पिछले** कुछ दिनों से चल रही कयासबाजी को विराम देते हुए ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने राजनीति के अखाड़े में उतरते हुए शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने विनेश और बजरंग को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा, ह्लआज का दिन बहुत बड़ा है। हम शुरू से ही पहलवानों के साथ रहे हैं और आगे भी रहेंगे। हमें इन दोनों ही पहलवानों पर गर्व है।



इससे कुछ देर पहले विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा देने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी।

दोनों ओलंपियन का पार्टी में स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, ह्लदोनों ही खिलाड़ियों ने देश का दिल जीता है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनेश फोगाट ने कहा, ह्लमुझे इस बात की खुशी है कि मैं आज उस पार्टी में हूं।

# मुख्य सचिव उ. प्र. से मिलकर भाजपा नेता ने सहसों ब्लॉक के पुनर्गठन की मांग किया

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों नव सृजित ब्लॉक बनने के पश्चात ब्लॉक में शामिल 45 ग्राम सभाओं के विकास के सभी कार्य पूर्णतया संचालित हो रहा है। परंतु ब्लॉक मुख्यालय से कई गांव की अधिक दूरी होने के कारण ग्रामीणों को विकास कार्य को कराने सहित अन्य अभिलेखों के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिसके लिए आम जनमानस की सुविधाओं को सुनिश्चित एवं सुविधा जनक हेतु ब्लॉक के पुनर्गठन की मांग की गई है। जिसके लिहाज से विकास खण्ड सहसों के ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की तरफ से ब्लॉक प्रमुख के पति भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह से मुलाकात कर सहसों ब्लॉक के पुनर्गठन के लिए मांग कर प्रार्थना पत्र सौंपा। संबंध में भाजपा नेता ने बताया कि कई गांव सहसों ब्लॉक के समीप होते हुए भी अन्य ब्लॉकों में जुड़े हुए हैं तथा कुछ गांव सहसों ब्लॉक से बहुत दूर होने के बावजूद भी सहसों ब्लॉक से जुड़े हुए हैं। और तो और खुद सहसों ग्राम सभा ही सहसों ब्लॉक में सम्मिलित नहीं है। जिससे ग्रामीण जनता को ब्लॉक स्तर पर कार्य तथा विकास कार्यों के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए ब्लाक प्रमुख सहसों ने शासन को अवगत कराते हुए पुनर्गठन कराए जाने की मांग की है। जिससे ग्रामीण सभी विकास कार्यों के लिए ब्लॉक मुख्यालय तक आसानी से पहुंच सकें। तथा उनका कार्य सुनिश्चित एवं सुविधा जनक हो सके।

# जनपद न्यायालय व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

### बैठक में अधिक से अधिक वादो के निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 14.09.2024 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदार वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समझ वादों का निस्तारण किया जाएगा '

दिनांक 14.9.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु आज दिनांक 06.09.2024 समय 1.30 बजे नोडल अधिकारी रविकांत द्वितीय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिसमें समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल व क्रिमिनल सम्मिलित हुए। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट शशि कुमार जी के द्वारा वादों के निस्तारण हेतु उचित उचित दिशा निर्देश प्रदान किए गए। नोडल अधिकारी रवि कांत द्वारा सभी लोगो को अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।साथ ही आज समय 04.30 बजे विद्युत के सभी उपखंडों के अधिशासी अभियंता की आयोजित बैठक में ई सी एक्ट के पीठासीन अधिकारी राम प्रताप सिंह राणा द्वारा सभी को अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए। सचिव जिला विधिक प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा सम्बंधित वादों के नोटिस तामिला पर विशेष बल दिया गया, यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

## न्यूज झरोखा

### पति की लंबी उम्र की कामना कर व्रती महिलाओं ने किया शंकर-पार्वती की पूजा



**सहसों।** क्षेत्र में हरतालिका तीज का व्रत रखकर व्रती सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु की प्रार्थना एवं नवयुतियां सुंदर व सुयोग्य वर के इच्छा से मनोकामना के साथ शिव पार्वती का विधि विधान से पूजन, अर्चन एवं आरती किया। पुराणों के अनुसार कहा जाता है कि माता पार्वती ने भी विवाह से पहले योग्य वर की इच्छा के लिए भगवान शिव का व्रत किया था और बिना अन्न जल ग्रहण किए उपवास करते हुए सोलह सिंगार कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की थी। व्रती महिलाएं एवं युवतियां हरितालिका तीज व्रत पर शुक्रवार को भोर से ही उठकर गूंगी स्नान करके व्रत को धारण किया। महिलाएं सुबह से ही पूजन सामग्री की तैयारी एवं अपने आप को मेहंदी आदि श्रृंगार सामग्री एवं आभूषणों, परिधानों से सिंगार में लगी रहीं। सायंकाल होते ही शुभ मूहर्त में राम जानकी मंदिर सहसों सहित सिंगरामऊ, भोपतपुर, बसमहुआ, मेड़ुवा, कांदी, जगबंधनपुर, चकिया घरहरा, रामनाथ पट्टी एवं क्षेत्र के आदि शिव मंदिरों में आचार्य विद्वानों द्वारा विधि विधान पूर्वक धूप, दीप, पूजन, अर्चन कर महिलाएं एवं युवतियों ने माता पार्वती एवं भगवान शिव की आराधना करते हुए आरती कर मनोवांछित आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिरों में भक्त महिलाएं एवं युवतियां पूजन, अर्चन के पश्चात भक्ति भावना से सुहागिन महिलाएं अपने-अपने पतियों का आशीर्वाद लेकर घरों में पूजा स्थल पर बैठकर माता पार्वती एवं भगवान शिव जी की चर्चा तथा भजन कीर्तन, ओम नमः शिवाय का जाप कर देर रात तक जागरण किया।

### ग्राम पंचायतो में चौपाल लगाकर औपचारिकता पूरी

#### ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में सचिवों ने दी जानकारी

**मांडा।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की बढ़ती समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए ग्राम पंचायत स्तर गांव की जन समस्याओं को मौके पर सुनकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया' सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण हेतु गाइड लाइन जारी होने पर विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत कुखुड़ी व बेला अहिरान ग्राम पंचायतो में शुक्रवार को ग्राम पंचायत अधिकारी कमल कुमार ने उक्त ग्राम पंचायतो में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या को सुनकर औपचारिकता पूरी किया ' और शौचालय, पीएम व सीएम आवास, दिव्यांग आवास योजनाओं के बारे जानकारी दी। चौपाल की अध्यक्षता कुखुड़ी ग्राम प्रधान रेनू देवी तथा बेला अहिरान ग्राम प्रधान कमलेश कुमार ने किया।बैठक में गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भाकियू प्रयाग और ग्रामीणों द्वारा कमला पंप नहर का किया गया घेराव

### चंदा कर के ग्रामीणों नें नब्बे हजार दिए, ग्रामीणों को देख अवर अभियंता मौके से फरार, दो महीनों से पूरा गांव डूबा है अंधेरे में



**लालापुर।** बारा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा भोड़ी द्वारा भारतीय किसान यूनियन व ग्रामीणों ने कमला पंप कनैल पर बने पंप हाउस पर धरना व प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है की जब से नहर का निर्माण हुआ है तब से ग्रामीणों को पंप हाउस से ही बिजली आपूर्ति किया जा रहा था । लेकिन जब से नए सहायक अभियंता यहा पर आए है तब से ग्रामीणों को जान बूझ कर परेशान किया जा रहा है। जबकि ट्रांसफार्मर जल जाने के उपरांत ग्रामीणों ने नब्बे हजार रुपए चंदा करके ट्रांसफार्मर को ठीक कराया अब सहायक अभियंता ग्रामीणों को बिजली देने से मना कर रहे है। जिससे ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर धरना व प्रदर्शन किया जिससे अवर अभियंता मौके से फरार हो गए । उक्त ग्रामीणों का कहना है की जब तक बिजली आपूर्ति शुरू नही की जाएगी तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। धरने में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के जिला उपाध्यक्ष ऋषि पांडेय, सुनील पटेल, अनिल पटेल, चंद्र मनी सिंह, विक्रम दित्य सिंह, लाल कोल, श्यामू पासवान, रंजीत सिंह, पवन कुमार, शशिकांत, रामसुंदर, रामू,मोती लाल, अंजना, तन्नू, रन्नु, माधुरी, इंद्रकली, प्रभावती, अंकिता, रामरती सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सुमैया नायब और स्वेक्षा प्रदेश के लिए चयनित

अखंड भारत संदेश



**करछना।** शुक्रवार को कौशाम्बी जिले में आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता में करछना तहसील के विद्यार्थियों ने प्रयागराज का नाम रोशन किया है। कौशाम्बी में हुई मंडल स्तर की प्रतियोगिता में करछना तहसील की दो छात्राएं सुमैया नायब और स्वेक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया के सपने को साकार करने के लिए खिलाड़ी पूरी शिद्दत से जुटे हुए है। भारोत्तोलन, कब्बडी और कुश्ती में करछना तहसील के खिलाड़ी नाम रोशन कर रहे हैं। तमाम खेलों में करछना तहसील की नर्सरी तैयार हो रही है। भारोत्तोलन में प्रयागराज का नाम रोशन हुआ है। अकोढ़ा स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कालेज अकोढ़ा की छात्रा सुमैया नायब और राजकीय इण्टर कॉलेज की छात्रा स्वेक्षा ने मंडल स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में जगह बनाई है। खेल शिक्षक बुलंद प्रताप राय और राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि कौशाम्बी में हुई वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दोनों ही छात्राओं ने प्रदेश में स्थान बनाकर करछना तहसील का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने विजयी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।


### भाजपा कार्यकताओं ने घर घर जाकर लोगों को बनाया पार्टी का प्राथमिक सदस्य



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने संगठन द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान को मजबूती के साथ दिए गए दायित्व को निभाते हुए भाजपा मंडल सहसों में सदस्यता प्रमुख राजधर द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने घर-घर जाकर हर एक मतदाता को जो कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं उनको पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाया गया। क्योंकि आने वाले फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव एवं भविष्य में पार्टी को कोई कठिनाई उत्पन्न ना हो। जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को पार्टी संगठन की प्राथमिक सदस्यता से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर मंडल मंत्री जयेश केसरवानी, श्री श्रीकांत त्रिपाठी सहित आदि कार्यकताओं ने नए सदस्य बनाते हुए मौजूद रहे।

# शिक्षक छात्र छात्राओं के भविष्य के होते हैं कर्णधार : अंकिता खेरा

### सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल मेजारोड जनवार में हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस




**मेजा।** सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प और माल्यार्पण के द्वारा किया गया। शिक्षक दिवस के इस शुभ अवसर पर स्कूल के सभी छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा अपनी अपनी कक्षाओं को भी सुंदर ढंग से सजाया और संवारा गया था। सभी कक्षाओं में शिक्षक और शिक्षिकाओं का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शिक्षक दिवस का कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेरा ने शिक्षको के कार्य को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सर्वोत्तम शिक्षक की पहचान उसकी योग्यता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण कर उसे समाज का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनाता है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति भी की गई। इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक ने कहा कि जिस प्रकार मां परम पूज्य होती है उसी प्रकार मां से भी सौ गुना अधिक शिक्षक पूज्य होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वही छात्र आगे बढ़ते हैं जो गुरु के बताए हुए आदर्शों पर चलकर उनके आदेशों का पालन कर अपने जीवन को व्यवस्थित करते हैं।इतना ही नहीं श्री खेरा ने ज्ञान के महत्व और गुरु की महिमा पर विशेष फोकस करते हुए स्कूल के बच्चों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में डॉ राधाकृष्णन के महानतम योगदान को बखूबी याद किया गया। कार्यक्रम को सकुशल सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओ और बच्चो के प्रयास की उपस्थित लोगों द्वारा सराहना की गई। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ छात्र छात्राएं तथा स्कूल के स्टाफ दीपक कुमार बृजेश कुमार के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# स्टैंडर्ड इंटर कॉलेज में जुटे पुरातन छात्र, बांटीं पुरानी यादें, किया पौधरोपण



**मऊआइमा।** पुरातन छात्र परिषद द्वारा स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह एवं पौधारोपण किया गया। इस दौरान पुरातन छात्रों ने अपने जीवन के संस्मरण और विद्यालय से जुड़ी हुई पुरानी यादों को साझा किया। मऊआइमा कस्बा स्थित स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट कॉलेज में पुरातन छात्र परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक मोहम्मद यूनुस तथा प्रधानाचार्य राकेश यादव को प्रतीक चिह्न दिया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में प्रबंधक मोहम्मद यूनुस तथा शिक्षक कमालुद्दीन मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद कैसर खान, तथा कृष्ण देव यादव आदि ने पुरातन छात्र परिषद की सराहना की तथा वर्तमान छात्रों को अपने सीनियर्स से सबक लेते हुए अपने जीवन में तरक्की करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षक मोहम्मद असलम, लियाकत अली, बाबूलाल गुप्ता, रामकृष्ण तिवारी, मोहम्मद जावेद, मो. मेराज, मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद असलम, रामनरेश यादव, मो. एखलाक, आबिद लतीफ आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पुरातन छात्र सुनील कुमार मौर्य, मोहम्मद इरफान, मो. साजिद खान, संतोष मौर्य तथा मोहम्मद बिलाल आदि मौजूद थे।

### सपा विधायक का 52वीं जयंती धूमधाम से मनाया और दीर्घायु की कामना की



**मांडा।** यमुनापार के मेजा विधानसभा 259 से सपा विधायक का 52वीं जयंती बड़े धूमधाम से केक काट कर मनाया और दीघार्यु की कामना की 'शुक्रवार को दोपहर बाद सपा के पदाधिकारियों ने मेजा विधायक संदीप पटेल की 52वीं जयंती उनके आवास पर शहर जाकर मनाया और दीघार्यु की कामना की ' वही सपा के जिला उपाध्यक्ष एवं मेजा प्रभारी रणजीत सोनकर ने मेजा विधायक के द्वारा किए कठीन संघर्षो के बारे में बताया और कहा कि वे गरीबों, शोषितो व वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले जन सेवक है ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी महान पुरुष होते है ' जयंती समारोह में प्रधान अनिल यादव उर्फ बबलू, गार्ड बाबू, सूरज यादव आदि सैकड़ो सपाई मौजूद रहे।

# माँ शारदा संगीत समिति के तत्वावधान में शिक्षक दिवस मनाया गया



**नैनी।** नैनी माँ शारदा संगीत समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस गीत संगीत के साथ मनाया गया देश के पहले उपराष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को ही शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं और गुरु रूप को सम्मान देते हुए ये दिन समर्पित करते हैं। माँ शारदा संगीत समिति मे माँ सरस्वती पुजन, गुरु पूजन एवं आशीर्वाद प्राप्त कर छात्र छात्राओं ने भजन और नृत्य प्रस्तुत किए प्रत्येक माह मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को माँ शारदा जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, गायन मे दिव्यांश, अनिका, आरना, आराध्या, कत्थक नृत्य मे तृप्ति और तृषा, तबला मे प्रतीक और रूद्र, गिटार मे केविन और अनन्या, नृत्य बॉलीवुड आयशनी और शिवानी ने अपनी विधा मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया संस्था के द्वारा समस्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया. जिसमे गायन मे नीतू तिवारी राय, कत्थक मे सुगंधा निषाद, नृत्य मे नेहा मिश्रा, गायन मे विनीत श्रीवास्तव, तबला मे रवि सहाय को निदेशक अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम संचालित कर सभी शिक्षक और बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। गुरु न सिर्फ पाठ्यक्रम का ज्ञान बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देते हैं। वह शिक्षक ही है जो हमें सही और गलत का अंतर सिखाते हैं। हमें हमेशा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे सपनों को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

# नागरिक पीजी कॉलेज में 11 विभूतियों को सम्मानित किया गया




**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने किया। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ सत्या पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृति किया था पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली एक महान शिक्षक थे। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपरा का पालन करते हुए छात्र, छात्राओं ने गुरुजनों के मस्तक पर रोली और अक्षत लगाकर स्वागत किया। इसके बाद छात्र, छात्राओं ने अतिथियों एवं शिक्षकों के सम्मान में गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रबंधक पंडित परशुराम त्रिपाठी की प्रेरणा और शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. गंगेश दीक्षित के संयोजन मे ग्यारह विभूतियों को सम्मानित किया गया। डॉ पवन पांडेय के मंगलारण प्रगति शुक्ला की वाणी वंदना और आस्था कन्नौजिया के स्वागत गीत के उपरांत अतिथियों का सम्मान पुष्प माला, अंगवस्त्रम, अभिनंदन पत्र, रुद्राक्ष की माला और प्रतीक चिन्ह से किया किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य प्रो. वीएन मिश्र ने किया। विशिष्ट अतिथियों में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त डॉ विश्राम शर्मा, डॉ कौशल कुमार पांडेय, डॉ कमलेश त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य, प्रो. प्रमोद कुमार तिवारी पूर्व प्राचार्य, डॉ कविता गुप्ता, डॉ दया नाथ त्रिपाठी एवं प्रो. रमाकांत, डॉ. अरविंद मौर्य आदि ने सम्मान के उपरांत सारस्वत अतिथि के रूप मे अपनी अनुभूतियों की साझेदारी किया। डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने अभिनंदन पत्र का भावपूर्ण वाचन किया मौलिकता और सर्जन, अभिव्यक्ति और सरोकार, संवाद के विविध रंग, अस्मिता और कर्तव्य, परंपरा और आधुनिकता, जीवन और दर्शन आदि के विविध रंग को वक्ताओं ने अपने उद्बोधन मे रेखांकित किया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव मालवीय ने अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और डॉ गंगेश दीक्षित ने इस आयोजन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविधालय के प्राध्यापक डॉ नीरज, डॉ बृजेश यादव, डॉ. ओमप्रकाश मिश्र, डॉ अरविंद कुमार राय ने कार्यक्रम को नवोनमेष से भर दिया। डॉ विनोद कुमार पांडेय, डॉ मुकेश सिंह, डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ आनंद श्रीवास्तव, डॉ सुरेंद्र यादव, डॉ अमित पांडेय, डॉ आयुषी मौर्या, डॉ ममता यादव, डॉ कुलदीप सोनी, डॉ विकास यादव, डॉ सुनील कुमार, डॉ दुर्गेश कुमार यादव, डॉ सुनील कनौजिया, डॉ रामप्रसाद यादव, डॉ अरविंद सिंह, डॉ अश्विनी मिश्र, नीरज कुमार, डॉ बलराम यादव आदि प्राध्यापकों ने विविध स्तरों पर आयोजन की सफलता हेतु सक्रिय योगदान दिया। प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### राजनीति शास्त्र की छात्राओं ने शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया



**जंघई।** स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर राजनीति शास्त्र नागरिक पीजी कॉलेज जंघई की छात्राओं ने देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए केक काटा और अपने शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र डॉ अमित कुमार पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक विद्वान, शिक्षक और प्रसिद्ध दार्शनिक भी थे उनका जन्म 5 सितम्बर को तिरुत्तनी में हुआ था उनको देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित किया गया था। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छात्र और मित्रों ने मिलकर उनके जन्मदिवस को धूमधाम से मनाने के लिए कहा लेकिन डॉ राधाकृष्णन इसके पक्षधर नहीं थे उन्होंने कहा कि इस दिन सभी शिक्षकों को सम्मान दिया जाना चाहिए न कि मुझ अकेले को। इसके बाद से उनकी जयंती को देश में शिक्षक दिवस के रूप में घोषित कर दिया गया पहली बार राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 को मनाया गया था। कार्यक्रम का आयोजन दीक्षा मिश्रा, प्रगति पांडेय, सुधा पांडेय, डेजी गुप्ता, वंदना, रोशनी, मालती आदि छात्राओं द्वारा किया गया था।

● पुलिस ने किया सात माह पूर्व कछार में हुई महिला की हत्याकांड का खुलासा

# साहब ! पत्नी तंत्र मंत्र में बनती थी बाधा, इसलिए मार दिया था

अखंड भारत संदेश

**झूसी संवाददाता।** झूंसी पुलिस ने शुक्रवार को सात माह पहले झूंसी कछार में हुई महिला की चर्चित हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। महिला की बेरहमी से हत्या की गई थी। बरामद शव से दिल गायब होने पर सनसनी फैल गई थी। पुलिस के लिए हत्या का खुलासा करना काफी चुनौतीपूर्ण था। क्योंकि एक तरफ हत्यारोपी पति जहां पुलिस की गिरफ्त से दूर था, वहीं दूसरी तरफ उसका बेटा हत्यारों को पकड़ने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगा रहा था। पकड़े गए हत्यारोपी पति को पुलिस ने जेल भेज दिया।

झूंसी भदकार निवासी पैंतालिस वर्षीय विटोला देवी की 4 फरवरी 2024 को कछार में रेत में दफन लाश मिली थी। महिला की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। उसकी एक आंख बाहर आ गई थी, चेहरे की चमड़ी उधड़ी थी, आंते कटी थी और सीना फाड़ दिया गया था। पोस्टमार्टम में जब शव

● पुलिस की गिरफ्त में आते ही पति ने कबूला जुर्म खोला हत्या का राज-महिला पर बेरहमी से हंसिया से कई वार कर दिल को किया था क्षतिग्रस्त

● घटना के चार दिन बाद से ही आरोपी बेटे के साथ हो गया था फरार

से दिल गायब होने की रिपोर्ट मिली तो कई सवाल उठने लगे। घटना का खुलासा न होने पर बेटे भारत ने मुख्यमंत्री तक से गुहार लगाई थी। इधर घटना को लेकर की जा रही पड़ताल में पति ही संदिग्ध लगने लगा। पुलिस विटोला के पति की सरगर्मी से तलाश करने लगी। सात महीने बाद शुक्रवार को राम आसरे नीबी कलां रिंग रोड के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया।




**दिल गायब नही हुआ था बल्कि हंसिया के वार से क्षतिग्रस्त हो गया था :** पूछताछ में राम आसरे अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि वह घर में तंत्र-मंत्र की सिद्धि करता था, पत्नी इसका विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन मारपीट होती थी। 3 फरवरी को दोनों कछार में खेत पर ग ?ए थे। वहां भी दोनों के बीच लड़ाई हुई। घर लौटते समय रास्ते में फिर विवाद हो गया। राम आसरे ने हंसिया से विटोला पर वार कर दिया। वह वही गिरकर तड़पने लगी। राम आसरे पर खून सवार था, उसने हंसिया से उसके चेहरे और सीने पर ताबड़तोड़ क ?ई वार कर दिए। विटोला के शव को वही रेत में दफन कर वह घर चला आया। दूसरे दिन बेटे ने पुलिस को इत्तिला दी।पूछताछ में संदेह के घेरे में फंसते देख बेटे भारत के साथ फरार हो गया था। बेटी अकेले घर पर रह रही थी। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया घटनास्थल पर डाक स्क्वाड टीम के पहुंचते ही राम आसरे वहां से हट गया था। संदेह तभी से गहराया था। विटोला के शव से दिल नही निकाला गया था, बल्कि हंसिया से ताबड़तोड़ कई वार करने से दिल क्षतिग्रस्त हो गया था।

## न्यूज झरोखा

### श्रमिक बस्ती समिति नैनी की ओर से उपमुख्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती के निवासियों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने, श्रमिक बस्ती से पीएसी को हटाने तथा अन्य समस्याओं से संबंधित ज्ञापन मुंडेरा प्रयागराज निवासी वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन दिया। श्रमिक बस्ती समिति के मीडिया प्रभारी विनीत कुमार द्विवेदी के निवेदन पर मनोज कुमार त्रिपाठी ने यह ज्ञापन उपमुख्यमंत्री को सौपा है। ज्ञापन लेने के बाद उन्होंने बताया कि यह समस्या केवल नैनी, प्रयागराज ही नहीं बल्कि कानपुर, लखनऊ में भी व्याप्त है। इसके निराकरण हेतु मुख्यमंत्री से वार्ता करके समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। यह जानकारी समिति के महासचिव विनय मिश्र ने दी है।

### बिशप दान को ब्लैकमेल करने वाला जालसाज हुआ गिरफ्तार



**प्रयागराज।** धर्मांतरण का फर्जी आरोप लगाने वाले आकाश त्रिपाठी को सिविल लाइन पुलिस ने किया गिरफ्तार,जालसाज आकाश त्रिपाठी के सहयोगियों दिनेश शुक्ला भूपेश सिंह एवं विनोद यादव उर्फ जान अगस्टिन की तलाश जारी नेशनल इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बनकर गर्ल्स हाई स्कूल के प्रधानाचार्य विनीता इशूबियस को धमकाने वाला जलसाज आकाश त्रिपाठी जब अपने ब्लैकमेलिंग के आरोप में फसता नजर आया तो एक झूठी कहानी गढकर बिशप दान एवं उनके पुत्र बेलन दान पर धर्मांतरण का आरोप लगा दिया और जिस पादरी अजीत फ्रांसिस के द्वारा धर्मांतरण की कहानी बताई वह पादरी अजीत फ्रांसिस 24 जुलाई को दिल्ली में मौजूद था पुलिस ने जांच में उस पादरी के ट्रेन के टिकट और दिल्ली में रहने की सीसीटीवी फुटेज को लेने के बाद आकाश त्रिपाठी द्वारा अगली तारीख 4 अगस्त को बिशप ऑफिस में बुलाने का आरोप लगाया था जांच में पता लगा कि 4 अगस्त को रविवार का दिन था और बिशप कार्यालय बंद था उसकी भी फुटेज पुलिस ने बरामद करने के बाद बिशप दान के पुत्र ऐलन दान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जालसाज आकाश त्रिपाठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एलन दान की तहरीर में नाम जद अन्य आरोपी भूपेश सिंह दिनेश शुक्ला एवं विनोद यादव उर्फ जान अगस्टिन की तलाश जारी है।

### नैनी पुलिस ने होमगार्ड को ब्लेड मारने वाले को किया गिरफ्तार



**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के एडीए वाटर पार्क के पास गुरुवार को सूचना पर गए होमगार्ड को ब्लेड मारने वाले युवक को नैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। होमगार्ड बालमुकुन्द पांडेय निवासी पुरेमधुरादास बरीत थाना हुडिया ने गुरुवार को नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ड्यूटी पर थे। मणि प्रसाद वर्मा निवासी वाटर पार्क एडीए, नैनी ने सूचना दी कि उनका बेटा रवि शंकर वर्मा उनसे और परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहा है। बालमुकुंद मौके पर पहुंचे तो रवि शंकर ने उन पर ब्लेड से हमला कर दिया। नैनी पुलिस ने होमगार्ड की तहरीर पर आरोपी रविशंकर को शुक्रवार को एडीए मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि में कल सुबह बहुत नशे में था और पारिवारिक बातों को लेकर में अपने पिता और पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा किया था। जिसके बाद मेरे परिवार वालो ने डायल 112 नं0 पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस के आने के पश्चात पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान में अपने आपको संभाल नहीं पाया और थोड़ा आक्रामक हो गया और में अपने जेब में रखे ब्लेड़ से 112 नंबर के ड्राइवर के ऊपर जान से मारने के नियत से गर्दन पर हमला कर दिया। में डर गया था और मौके से भाग गए थे।

## नैनी में महिलाओं ने निर्जला उपवास रख मांगा अखंड सौभाग्य का आशीष



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में हरतालिका तीज के अवसर पर अखंड सौभाग्य और पति के दीघार्यु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखा। घरों में आस्था और उल्लास भाव के साथ निर्जला उपवास रखकर महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजा की और आरती उतारी तो देर शाम शिवालयों में पहुंचकर पति-पत्नी ने भगवान का दर्शन किया। साथ ही परिवार की सुख समृद्धि के लिए भगवान से आशीष मांगा। घरों में दिनभर सुहागिनों ने निर्जला रहकर उपवास किया। संध्या देवी जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार ने बताया कि शाम छह बजे के बाद भगवान शिव व माता पार्वती की विधिवत पूजा करने की तैयारी शुरू की। पूजा के लिए फूलों की मौरी के साथ बिंदी, सिंदूर, बिछिया, मांग टीक व आलता सहित अन्य श्रृंगार की सामग्री रखी गई । मिट्री के शिव पार्वती की प्रतिमा के सामने पूजन सामग्री रखकर चंदन, कई प्रकार के फल व मिष्ठान चढ़ाकर उनका गंगाजल से अभिषेक किया गया। पूजन के समय के पलों को स्मृतियों में सहेजने के लिए उसकी तस्वीरों के अपने मोबाइल में संजोते भी दिखे। सुहागिनों ने अपने-अपने पतियों का पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के बाद सुहागिनें ने भगवान भोलेनाथ से पति की खुशी और परिवार की समृद्धि के लिए कामना की गई। निर्जला उपवास रखने वाली सुहागिनें शनिवार को उपवास का पारण कर व्रत को तोडेगी।

## अधिवक्ताओं के दो गुट हुए आमने-सामने, मची रही अफरा-तफरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुक्रवार को फिर वकीलों के दो गुट आमने सामने आ गए। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट और हमले का आरोप लगाया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी पर दूसरे गुट ने हमला कराने का आरोप लगाया है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मुख्य न्यायाधीश की अदालत में पहुंच गए हैं। दोनों गुटों की तरफ से नारेबाजी की जा रही है।इलाहाबाद हाईकोर्ट में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कानून मंत्री के आवभगत के मुद्दे को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दिन पहले भी एक गुट ने अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की थी। इसको लेकर मारपीट की नौबत आ गई थी। जिसके बाद अध्यक्ष अनिल तिवारी ने एक वीडियो जारी कर पूरे मामले में सफाई दी थी और कुछ लोगों पर जबरन बिल पास कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को दोनों गुट फिर आमने सामने आ गए और एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इससे स्थिति बिगड़ गई और अफरातफरी मची रही। इस दौरान मारपीट की नौबत आ गई।

## नकली नोट छापने वाले मदरसे पर चलेगा बुलडोजर पीडीए ने प्रबंधक को थमाया नोटिस

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** अतरसुइया स्थित जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छपने का भंडाफोड़ होने के बाद प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने एक बार फिर शिकंजा कसा है। शुक्रवार को पीडीए ने मदरसे के गेट पर नोटिस चस्पा कर प्रबंधक से पूछा कि क्यों न मदरसे को गिराने का आदेश दिया जाए। इसका जवाब देने के लिए 18 सितंबर सुबह 11 बजे तक समय दिया गया है। बीते 28 अगस्त को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नकली नोट छापने के मामले में उक्त मदरसे के मौलवी तफसीरूल समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।पुलिस जांच में यहां पर विवादास्पद किताब बरामद हुई थी। इसके बाद पीडीए ने भी मदरसे पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। शुक्रवार को मदरसे के गेट पर चस्पा नोटिस में कहा गया है कि लगभग तीन हजार वर्ग मीटर के कंपाउंड के भूतल प्रथल तल पर मदरसा एवं कमरों का निर्माण किया गया है। अतएव आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि पीडीए कार्यालय में 18 सितंबर सुबह 11 बजे तक यह बताएं कि निर्माण कंस्ट्रक्शन गिरा देने का आदेश क्यों न दिया जाए।

**दो दिन पहले मदरसे को किया था सील :**

अधिनियम की धारा 14 के तहत पीडीए के अनुमति के बिना निर्माण करने के लिए 50 हजार रुपये तक अर्थदंड के भागी हो सकते हैं। ऐसा अपराध करने की दशा में दोष सिद्ध होने पर 2500 रुपये तक प्रत्येक दिन के लिए अतिरिक्त जुमार्ना हो सकता है। बता दें कि बीते बुधवार को पीडीए की टीम ने निर्माण अनाधिकृत होने का दावा कर मदरसे को सील कर दिया था। साथ ही चस्पा नोटिस में कहा था कि जबरन प्रवेश करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस मदरसे के तीन बैंक खाते को फ्रीज कर दिया था।

## पेपर लीक मास्टरमाइंड राजीव मिश्रा के 2 साथी पकड़े गए

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यूपी STF ने भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले 2 शातिर पकड़े हैं। काली स्कार्पियो से भाग रहे संजय सिंह कुशवाहा और कामेश्वर नाथ मौर्य को अरेस्ट किया गया। ये दोनों पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मास्टर माइंड राजीव मिश्रा के साथी हैं। पेपर लीक केस में राजीव मिश्रा समेत 16 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। इन दोनों को पकड़ने में अब कामयाबी मिली है।शुक्रवार को यूपी रळक्ष् की प्रयागराज यूनिट ने कीडगंज इलाके में छापा मारा था। संजय और कामेश्वर को पकड़ा गया। एसटीएफ इंस्पेक्टर जेपी राय के मुताबिक, दोनों ने बताया है कि गैंग के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल और रवि अत्री हैं। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा के पेपर परीक्षा से पहले प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले सुनील रघुवंशी ने निकाला था।राजीव नयन मिश्रा और दूसरे साथियों ने प्रश्नपत्र अपने गैंग के सदस्यों और एजेंटों को दिए। हमने लोगों से संपर्क किया। 12-12 लाख रुपए लेकर पेपर पढ़वाने की डील फाइनल हुई थी।

रिसोर्ट मालिक को 5 लाख दिए

दोनों आरोपियों ने रळक्ष् की पूछताछ में बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के बाद अभ्यर्थियों को मध्य प्रदेश ले जाया गया था। इस काम में रीवा के एक रिसोर्ट के मालिक को भी साथ लिया गया। अभ्यर्थियों को शिव महाशक्ति रिसोर्ट रीवा में पेपर पढ़वाने के लिए स्कार्पियों और बस से ले गए। इससे पहले रिसोर्ट मालिक के खाते में 5 लाख रुपए भेजे गए थे। पेपर अभ्यर्थियों को वहीं पढ़ाया गया। रुपये का लेनदेन भी वहीं किया गया।

**मास्टरमाइंड राजीव का सबसे खास सुभाष :** सुभाष प्रकाश राजीव नयन का सबसे विश्वासपात्र है। पेपर लीक होने के बाद सबसे पहले सुभाष प्रकाश के पास ही पहुंचा था। इसके बाद उसने मोबाइल के जरिए उसे सेट टारगेट यानि उन लोगों को भेजा जिनसे मोटी रकम उठाई गई थी। एसटीएफ मान रही है कि लीक पेपर के अंश कई ऐसे हाईप्रोफाइल लोगों यानि अधिकारियों तक को भेजा गया। क्योंकि मोबाइल से काफी कुछ डिलीट किया गया, ऐसे में डॉटा रिकवर से यह पता चल जाएगा कि लीक पेपर कहां, कब, किसके पास भेजा गया। इसके अलावा रुपये ट्रांसफर के लिंक भी सामने आएंगे।

## इफको कार्डेट के कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई स्थित कार्डेट के एक कर्मचारी की बीमारी से मौत हो गई। घटना से परिजनों में जहां कोहराम मचा है वहीं कर्मचारी की मौत पर इफको कार्डेट में भी शोक की लहर दौड़ गई। फूलपुर के बाबूपुर निवासी मनोज यादव 36 इफको कार्डेट में बतौर जूनियर असिस्टेंट पद पर कार्यरत थे। परिजनों ने बताया की करीब 15 दिन से वो पीलिया की चपेट में आ गए थे। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए लखनऊ में भर्ती कराया था जहां गुरुवार को उनकी मौत हो गई। घटना से मृतक की मां के साथ ही पत्नी व अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मुकदमा दर्ज

**परिजनों का रो-रो कर बुरा है हाल**



**प्रयागराज।** रीवा हाईवे पर अनियंत्रित ट्रक चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की मौत के मामले में ट्रक व अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक व उसके चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। गौरतलब हो कि रीवा के चाकघाट चिल्ला खुर्द निवासी युवक धीरज द्विवेदी बाइक से किसी काम से गन्ने गया हुआ था। वापसी में एक अनियंत्रित ट्रक के ड्राइवर की लापरवाही से बाइक सवार धीरज द्विवेदी (30) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसे परिजनों का रो रो के बुरा हाल हो गया। मामले में शंकरगढ़ पुलिस ने मौके पे मौजूद लोगो के द्वार बताए गए ट्रक नंबर वढ 70 ऋछ 1190 व चालक के नाम मुकदमा दर्ज कर लिया है।लोगो द्वारा बताया गया कि अनियंत्रित ट्रक का नंबर प्लेट आगे जा के मिटाने का प्रयास किया गया था और वह तेज रफ्तार से जा रहा था, मौके पे मौजूद स्थानीय लोगो के बताने के बाद ट्रक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की गई। तेज रफ्तार के कारण ट्रक फरार हो गया जिसकी तलाश में थाना की टीम लगी हुई है। आखिर कब मृतक परिवार को न्याय मिलेगा, ट्रक व चालक को कब गिरफ्तार किया जाएगा जिससे मृतक परिवार को न्याय मिलेगा।

## दिव्यांगजन/अभिभावकजन पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन

**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्ती करण विभाग, उत्तर प्रदेश के द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों को सुगमतापूर्वक दैनिक क्रियाकलापों के सम्पादन में अधिकतम रू0 15,000/- (कुल पन्द्रह हजार रुपए मात्र) की सीमा तक मूल्य के बनावटी अंग यथा- कृत्रिम हाथ-पैर/कैलीपर्स आदि एवं सहायक उपकरण यथा-ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर, सीपी चेयर, एमआर किट, ब्रेल किट, एडीएल किट आदि निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं। आवेदन पत्र पूर्ण कर जिला कार्यालय/विकास खण्ड कार्यालय पर जमा करने की समस्या के निदान हेतु विभाग द्वारा वेब पोर्टल संचालित किया गया है। योजनान्तर्गत किसी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं को प्रतिवर्ष एवं अन्य दिव्यांगजनों को तीन वर्ष में एक बार लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है। जनपद में उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन/ अभिभावक जन को अवगत कराना है कि विभागीय वेब पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। पोर्टल पर पंजीकृत आवेदकों को माह अक्टूबर, 2024 से सम्बन्धित विकास खण्ड/ शहरी क्षेत्र में उपकरण वितरण शिविर आयोजित कर लाभान्वित करने की कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने दी है।

**अदालती सूचना**

तारीख पेशी 9 सितंबर 2024
न्यायालय सिविल जज
कनिष्ठ श्रेणी जनपद कौशांबी
उत्तराधिकार प्रमाण पत्र
संख्या 1/70 सन 2024
अखिल रंजन सिंह बनाम
अमित कुमार सिंह आदि

उपरोक्त मुकदमे में न्यायालय ने आदेशित किया है कि प्रतिवादी अमित कुमार सिंह पुत्र विशंभर सिंह निवासी सिंघिया भरवारी कौशांबी वा सरोज सिंह पुत्री विशंभर सिंह निवासी बृज विहार थाना साहिबाबाद गाजियाबाद वा प्रिया सिंह पुत्री विशंभर सिंह निवासी टेंगरही बैरिया जनपद बलिया वा सीमा सिंह पुत्री विशंभर सिंह निवासी सिंघिया भरवारी कौशांबी उपरोक्त मुकदमे में 9 सितंबर 2024 को समय 10:00 बजे सुबह स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता अदालत में उपस्थित हो और जवाब दाखिल करें अनुपस्थित रहने पर मुकदमे की सुनवाई एक पक्षीय रूप से की जाएगी।

हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी

## गौतमबुद्ध नगर पुलिस उपायुक्त से इलाहाबाद कोर्ट ने मांगा जवाब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गौतमबुद्धनगर के पुलिस उपायुक्त से जवाब मांगा है। कहा कि हेड कॉन्स्टेबल को सीधे बर्खास्त करने में असाधारण शक्ति के प्रयोग पर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें। हाईकोर्ट ने कहा- गौतमबुद्धनगर के पुलिस उपायुक्त उत्तर प्रदेश अधीनस्थ रैंक के पुलिस अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल को सीधे बर्खास्त कैसे कर सकते हैं। कोर्ट ने अधिकार का अतिक्रमण करने का कारण बताते हुए हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

**हेड कॉन्स्टेबल को कर दिया था बर्खास्त :** पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर ने दिनांक 7 अगस्त 2024 के आदेश द्वारा पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल याची अमित कुमार उर्फ अमित कुमार मलिक को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया। न्यायालय ने माना कि उपायुक्त ने अपने अधिकार का अतिक्रमण किया, क्योंकि वह बरखास्तगी से पहले मामले की जांच न करने का कारण अपने आदेश में दर्ज करने में विफल रहे।न्यायालय ने माना कि ऐसे मामले में नियम 8(2)(बी) के तहत निर्धारित शर्तों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए और जांच न करने के कारण का उल्लेख करना चाहिए।

**उपायुक्त ने अपने अधिकार का किया अतिक्रमण :** जस्टिस जेजे मुनीर ने कहा, यह न्यायालय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच करने के नियम से अलग हटकर ऐसी कठोर शक्तियों के प्रयोग को प्रोत्साहित नहीं करता, सिवाय इसके कि अनुशासनात्मक प्राधिकारी द्वारा आदेश में लिखित रूप में वैध और बाध्यकारी कारण दिए गए हों। न्यायालय ने पाया कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई मामलों में संबंधित प्राधिकारी द्वारा नियम 8(2)(बी) के तहत शक्ति के लापरवाही से प्रयोग को हतोत्साहित करने के बारे में स्पष्ट निष्कर्ष था।इसके अलावा जस्टिस मुनीर ने अपने आदेश पारित करने में इस तथ्य को ध्यान में रखा कि इस संबंध में पहले ही सर्कुलर जारी किया जा चुका है। जिसमें सीनियर अधिकारियों को नियम 8(2)(बी) के तहत अपनी विवेकाधीन शक्ति का उपयोग न करने का निर्देश दिया गया।कोर्ट ने यह पाते हुए कि डिप्टी कमिश्नर ने उपरोक्त का उल्लंघन किया, न्यायालय ने उन्हें कारण बताने के लिए नोटिस जारी किया कि उनके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों न की जाए। कोर्ट ने पुलिस उपायुक्त को 26 सितंबर 2024 को या उससे पहले हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा हैं।हाईकोर्ट ने याची को अपनी ड्यूटी जारी रखने तथा अपना वेतन प्राप्त करने का आदेश देते हुए विवादित बरखास्तगी आदेश पर भी रोक लगा दी। कोर्ट इस मामले पर 26 सितंबर को सुनवाई करेगी।

## गर्लफ्रेंड को छोटे कपड़ों में देख फूटा गुस्सा, जमकर पिटाई

**प्रयागराज।** नैनी एग्रीकल्चर कॉलेज में बंगाल की एक छात्रा को मां के सामने गला दबाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्रा को स्पोर्ट्स के कपड़े में देखकर आरोपी दोस्त भड़क गया और उसने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान छात्रा बेहोश हो गई। आरोप है कि बीच बचाव करने आई मां से भी मारपीट की गई। मामले में छात्रा की मां ने आरोपी दोस्त के खिलाफ नैनी थाने में तहरीर दी है।बंगाल की रहने वाली छात्रा नैनी स्थित एग्रीकल्चर कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह कॉलेज के ही हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। उसका पूरा परिवार बंगाल में रहता है। छात्रा की मां ने बताया कि शाहगंज क्षेत्र का रहने वाला आरोपी यथार्थ सोनकर उनकी बेटी के कॉलेज में पढ़ाई करता है। उनकी बेटी और यथार्थ दोनों दोस्त थे।29 अगस्त को उनकी बेटी कैंपस के अंदर स्पोर्ट्स के कपड़े में वालीबॉल खेल रही थी। बेटी को छोटे कपड़ों में देखकर आरोपी यथार्थ भड़क गया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस बात की सूचना उन्हें मिली तो वह बंगाल से सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं। उसके बाद मंगलवार को बेटी के साथ यथार्थ के घर पर शिकायत लेकर गई तो वहां पर भी उनकी बेटी से उसने मारपीट की। उसके बाद उसने शाहगंज थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मामले में समझौता करा दिया।

**थाने में फोन करने पर पुलिस बोली, बरसात हो रही है, अभी नहीं आ सकते :** मां का आरोप है कि तीन सितंबर शाम करीब 5:30 बजे यथार्थ सोनकर ने उनकी बेटी को फोन कर मिलने के लिए कहा, लेकिन उसने मिलने से इन्कार कर दिया। इस पर यथार्थ ने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि तुम्हें जहां जाना हो चली जाओ, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगी। बुधवार को सुबह जब उनकी बेटी कॉलेज की कंप्यूटर लैब में पहुंची तो वहां पर यथार्थ पहले से मौजूद था, जहां उसने फिर से मारपीट की। उनकी बेटी ने उन्हें फोन कर मामले की जानकारी दी तो वह हॉस्टल से बेटी के पास पहुंची। इस दौरान आरोपी यथार्थ उनकी बेटी का गला दबाकर बेरहमी से पीटने लगा, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। आरोप है कि नैनी पुलिस को फोन किया तो वह बोले बरसात हो रही है अभी नहीं आ सकते। उसके बाद वह अन्य छात्रों की मदद से बेटी को कॉलेज के अस्पताल में इलाज के लिए ले गई, जहां से उसे एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल छात्रा का इलाज चल रहा है। इस संबंध में नैनी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों के चरित्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदानः अपर जिला जज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बच्चों के चरित्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षकों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा स्थान है। गुरू के बिना विकास सम्भव नहीं है। यह उद्गार तिलक इण्टर कालेज के परिसर में लायंस क्लब हर्ष तथा शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने व्यक्त किये।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर तथा माँ सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति स्व0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारम्भ किया। उन्होने विद्यालय परिसर में लोकमान्य तिलक की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

## 25 शिक्षकों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया



तिलक इंटर कालेज के प्राचार्य को सम्मानित करते अपर जिला जज।

इस अवसर पर अपर जिला जज ने 25 शिक्षकों को अंगवस्त्र माल्यार्पण कर तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

शिक्षक सम्मान समारोह का सफल संचालन करते हुये वरिष्ठ साहित्यकार श्यामशंकर शुक्ला ने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। लायन्स क्लब हर्ष के निदेशक रामेश्वर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सन्तोष भगवन तथा लायन्स क्लब शक्ति की अध्यक्ष प्रमिला शुक्ला, प्रशासक लक्ष्मी मिश्रा, निदेशक अनीता पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पिंकी दयाल, कुसुम गुप्ता ने अपर जिला जज को माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा अपना विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट ने शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर लायन्स क्लब हर्ष के सचिव डा0 क्षितिज, कोषाध्यक्ष आर0बी0 सिंह तथा लायन्स क्लब हर्ष से अश्वनी सिंह, अनिल पाण्डेय, अरविन्द सिंह, केपी सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, डीपी सिंह ने अपर जिला जज का स्वागत किया। शिक्षक सम्मान समारोह में तिलक कालेज के प्राचार्य प्रमोद कुमार तिवारी, शिक्षक ओम शंकर मिश्र, सन्तोष पाण्डेय, विनीता सिंह, संजय कुमार तिवारी, राकेश कुमार तिवारी, अशोक कुमार त्रिपाठी, काशी नारायण मिश्र, राजेश मिश्र, उमेश चन्द्र, एकता पाण्डेय, गिरिजाशंकर, महेन्द्र कुमार, प्रकाश त्रिपाठी, विनोद कुमार, कुमार गौरव पाण्डेय, अजय तिवारी, रोहित दूबे, गिरेन्द्र कुमार दूबे, मनोरमा मिश्र, आनन्द प्रकाश तिवारी, ज्योति शुक्ला, पूनम दूबे, गंगा सागर शुक्ला तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षक श्याम शंकर शुक्ल को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा शिक्षक सम्मान दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## समाज में नैतिकता एवं आदर्श की राह पर चलना सिखाते हैं शिक्षक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर अजीत नगर के सभागार में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थी एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए यह उद्गार भारत विकास परिषद विशाल शाखा के अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित समझ शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार के साथ भावी भारत के नौनिहालों को अपनी पढ़ाई में नैतिकता, देश के प्रति प्रेम और समर्पण भाव के साथ स्वस्थ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उदय भानु सिंह, डॉ. प्रो. बृजभान सिंह, डॉ. प्रो. पीयूष कांत शर्मा, नमिता पांडे, गिरीश चंद्र चतुर्वेदी, शरद केसरवानी, गिरिजा शंकर मिश्रा, संजय खरे, शिशिर खरे तथा विद्यालय के प्राचार्य गजराम मौर्य सहित शिक्षिकाएं माधवी पांडे, कविता सिंह, समीक्षा श्रीवास्तव, कृति शर्मा, कविता त्रिपाठी, संगीता, अंजू सोनी और प्रीतम यादव आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर के अजीत नगर के प्राचार्य गजराम मौर्य द्वारा किया गया।


शिक्षक दिवस पर मौजूद भारत विकास परिषद विशाल शाखा के पदाधिकारी।

## नहर पुलिया क्षतिग्रस्त, हो सकता है बड़ा हादसा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के दाऊदपुर पट्टी मार्ग ग्राम सभा धरौली स्थित नहर पुल काफी दिन से क्षतिग्रस्त पड़ा है।

आवागमन को बने पुल चैड़ाई कम होने की वजह से रोजाना एक्सीडेंट होता है। बाइक सवार कार सवार वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिरते हैं। वहीं स्कूली बच्चे भी घटना में घायल हो जाते हैं। ग्रामीणो के माने तो कई वर्ष से पुल जर्जर हाल में पड़ा है। दोनों तरफ से रेलिंग टूट गया है दस से बारह फीट गहरा पानी का बहाव रहता है। नहर पुल की चैड़ी करवाने की मांग कई बार स्थानीय लोग कर चुके हैं। लेकिन विभाग स्तर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे जिसको लेकर ग्रामीणों रोष बढ़ता जा रहा है। रात्रि में बाइक सवार साईकिल सवार कार सवार अनियंत्रित होकर गिरते हैं और घायल हो जाते हैं। नहर विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों रोष बढ़ता जा रहा है। धरौली पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाए निवेद, अभिषेक पाण्डेय, समाजसेवी शिव बहादुर यादव, पवन तिवारी, अखिलेश यादव, आदि ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

## प्राथमिकता के आधार पर हो शासकीय योजनाओं की पत्रावलियों का निस्तारणः डीएम

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एलडीएम ने शासकीय योजनाओं के प्रगति की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड में खरीफ के लिये लक्ष्य 68962 निर्धारित किया गया है, वर्तमान वित्तीय वर्ष में खरीफ की फसल के लिये कुल 46540 भौतिक आवेदन स्वीकृत हुये है।


बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

एलडीएम ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की स्थिति ठीक नही है, बैठक के दौरान एसबीआई के प्रबन्धक उपस्थित नही थे जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जतायी और एलडीएम को निर्देशित किया कि उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाये। मत्स्य पालन योजना में केसीसी की 15 पत्रावलियॉ बैंकों को प्रेषित की गयी जिनमें से 04 पत्रावलियों पर ऋण स्वीकृत किया गया है जिसकी प्रगति धीमी है इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सम्बन्धित बैंक पत्रावलियों की प्रगति में तेजी लाये। पशुपालन केसीसी योजना में 29 पत्रावलियॉ बैंकों को प्रेषित की गयी है जिनमें से 10 पत्रावलियों पर ऋण स्वीकृत किया गया है, इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि पत्रावलियों की प्रगति में सुधार लाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में जिला मिशन प्रबन्धक सुनीता सरकार ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों के खातों को खोलने में समस्यायें उत्पन्न कर रहे है जिस पर जिलाधिकारी ने पंजाब नेशनल बैंक के प्रबन्धक को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर कार्यो को कराकर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंकों के समन्वयक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सिपाही की बाइक से किशोरी घायल, सीएचसी में भर्ती


अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मां के साथ मंदिर जा रही किशोरी को सिपाही की बाइक से टक्कर घायल कधंई थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव निवासी रोहित मिश्र की पांच वर्षीय बेटी शानवी शीतला गंज बाजार के समीप मंदिर पर मां व अन्य परिजनों के साथ जा रही थी शीतला गंज मोड पर सड़क पार करते समय पट्टी की तरफ से आ रहे बाइक सवार सिपाही की बाइक से टक्कर हो गई जिसमें शानवी घायल हो गई परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम ले जाया गया जहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। टक्कर मारकर बाइक सवार सिपाही मौके से फरार हो गया।

## सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का हुआ निधन

अखंड भारत संदेश

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय बाजार निवासी एवं सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व सेवानिवृत्त शिक्षक इंटर कालेज मुकुंदपुर व पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख बिहार रामसुन्दर यादव शास्त्री का शुक्रवार को जिला मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। लगभग 45 वर्ष तक शोसलिष्ट पार्टी व जनता पार्टी व जनतादल व लोकदल अ व इसके बाद लंबे समय तक समाजवादी पार्टी की राजनीति करते रहे। उनका पार्थिव शरीर बाघराय लाया जा रहा है।


राम सुंदर यादव (फाइल फोटो)।

अंतिम संस्कार शनिवार को श्रृंगवेरपुर घाट पर किया जाएगा। यह जानकारी उनके पुत्र जयसिंह यादव अधिवक्ता व कुमार विजय पत्रकार ने दी।

## घर से दवा लेने बाजार आई महिला लापता

**पट्टी, प्रतापगढ़।** झारखंड से आई एक महिला दो दिन पूर्व से गायब है पति ने पुलिस से शिकायत की है पुलिस जांच में जुटी है। आसपुर देवसरा के दलापुर गांव निवासी बंसराज हरिजन की शादी 12 वर्ष पहले जयपुर गांव जनपद गया झारखंड की रहने वाली मीना देवी के साथ हुआ था पति बंश राज मजदूरी करने घर से सुबह निकल गया 6 बच्चे घर के साथ मीना देवी घर थी पति काम से शाम को लौटा तो पत्नी नही घर पर नहीं थी बच्चो से पूछा तो बच्चो ने बताया मां सुबह दस बजे दवा लेने दयाल गंज बाजार गई हैं तलाश करने कुछ पता नहीं चला परेशान होकर पति पुलिस से शिकायत की हैं। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## स्पेशल एजुकेटर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन


स्पेशल एजुकेटर्स प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षकगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इन सर्विस ट्रेनिंग स्पेशल एजुकेटर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। बता दें कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में स्पेशल एजुकेटर्स का इन सर्विस ट्रेनिग चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिव बहादुर मौर्या खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, बेसिक शिक्षा विभाग की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शालिनी मिश्रा ने ब्रेल हिंदी अंग्रेजी वर्णमाला, गंभीर दिव्यांग बच्चों के लिए होम बेस्ड एजुकेशन, मूकबधिर बच्चों हेतु साइन लैंग्वेज के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जिला समन्वयक ने बताया कि लखनऊ से तीन विशेष शिक्षक दीप शिखा सिंह, शिवम, इंद्र प्रताप ट्रेनिंग लेकर आए, जिन्होंने चार दिन जिले के विशेष शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया। ये विशेष शिक्षक प्रशिक्षण लेकर ब्लाक में नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में समस्त स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे।

## विधायक मोना की बेटी ने लंदन में लहराया सफलता का परचम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की बेटी नंदजा मिश्रा ने लंदन में मेधा का परचम लहराया है। लंदन यूनिवर्सिटी के गोल्डस्मिथ कालेज से नंदजा ने मीडिया एण्ड कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन की उपाधि सर्वोत्कृष्ट अंक के साथ हासिल कर मेडल के जरिए देश का भी मान बढ़ाया है। नंदजा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की पौत्री भी हैं। लंदन में हुए ग्रेजुएशन सेरेमनी में नंदजा को समारोहपूर्वक उपाधि एवं मेडल तथा प्रशस्ति पत्र पर स्वर्ण चिन्ह मिलने से शुक्रवार को यहां खुशी देखी गयी। वहीं भारतीय परिधान में उपाधि ग्रहण करने के बाद नंदजा ने मंच से जय हिन्द बोला तो समारोह में मौजूद विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों का समूह भी तालियों की गडगडाहट में गदगद हो उठा दिखा।


नन्दजा मिश्रा।

## गुरुवार की रात शहर में पकड़े गये 16 छुट्टा पशु

### पकड़े गये पशुओं को भेजा गया कान्हा गोशाला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेल्हा एक सितम्बर से सात सितम्बर तक छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रही है। ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखकर पशुओं की धरपकड़ प्रायः रात में की जाती है। इसी के तहत गुरुवार की रात चैक घंटाघर से राजकीय इंटर कालेज के बीच 16 छुट्टा पशु पकड़े गये जिसे नगर पालिका की टैंग ने टैकिल कैचर पर लादकर उन्हें बराछा के कान्हा गोशाला भेजवाया।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी प्रशांत सिंह के निर्देशन में रोड गैग के राजीव कुमार अपनी 15 सदस्यीय टीम को लेकर गुरुवार की रात दस बजे से शुक्रवार की भोर तक छुट्टा पशुओं को पकड़ते रहे। बता दें कि छुट्टा पशुओं की धरपकड़ शासन-प्रशासन के निर्देश पर की जा रही है। शुक्रवार की रात को भी छुट्टा पशुओं को पकड़ने की तैयारी की गई है। यह अभियान कल शनिवार तक चलेगा।


छुट्टा पशुओं को पकड़ते नगर पालिका के कर्मचारी।

## जमीनी रंजिश में विपक्षी हो रहे आमादा फौजदारी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा लेकर आमादा फौजदारी हो गए। मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर बारडीह गांव की रहने वाली दुर्गा देवी पत्नी धर्मेंद्र ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोसियों से उसकी एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसके चलते विपक्षी आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद करते हैं और विरोध पर आमादा फौजदारी होते हैं। शुक्रवार सुबह पड़ोसी एक राय होकर लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मामले की शिकायत लेकर पीड़ित महिला कोतवाली पहुंची और पड़ोसियों पर किसी भी समय अप्रिय घटना कारित करने की पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारीरिक संबंध

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर एक युवक एक युवती से युवती से कई वर्षों से एक युवक शारीरिक संबंध बनाता रहा। और काफी समय बीतने पर शादी करने से इनकार करने पर युवक और युवती में विवाद खड़ा हो गया। यूपी की शिकायत पर एसपी के आदेश पर पट्टी पुलिस ने युवक पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक के तलाश में जुड़ गई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र मे आरोप लगाया है कि पड़ोस का ही एक युवक युवती को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। और उसके साथ वर्षों से शारीरिक संबंध बनाता रहा। बीते 20 अगस्त को उसके घर आया और जबरन शारीरिक संबंध बनाया तथा उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच लिया। और धमकी दिया कि अगर किसी से कुछ बताओगी तो तुम्हारी फोटो को वायरल कर दूंगा। हैरान परेशान युवती ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, जहां से कोई कार्रवाई न होती देख मामले के संबंध में एसपी प्रतापगढ़ को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

### शादी से इनकार करने पर युवती ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

एसपी के आदेश पर पट्टी पुलिस ने आरोपी रवि कुमार उर्फ राजू मोदनवाल के विरुद्ध दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोग्य आरोपी की तलाश कर रही है। पट्टी क्षेत्र में युवक और युवती का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बाजार के समीप मिला युवक का शव

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना क्षेत्र के मदाफरपुर बाजार से कुछ दूर ईट भट्ठे के बगल बन रहे मार्केट के कमरे में खून व कीचड़ से लथपथ एक ब्यक्ति मृत पडा हुआ था। बाजार वालों ने कोहंडौर एसओ राधेश्याम को सुचना दी तो वह मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान कराई। मृतक की पहचान अतरसंड गांव निवासी लालमणि उम्र 45 वर्ष पुत्र कन्हैयालाल के रूप में हुई। मृतक की पत्नी कंचन ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे वह घर से निकला था नशे का आदी था और उसे मिर्गी जैसी बीमारी भी थी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। वहीं युवक की मौत को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं फैली हुई है। मामले में थानाध्यक्ष कोहंडौर राधेश्याम ने बताया मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज के अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कासगंज के अधिवक्ता की हत्या किये जाने के विरोध में आज शुक्रवार को जूनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी संजीव रंजन को ज्ञापन देकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने मांग पत्र में कहा है कि जब अधिवक्ता का जीवन सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित रह सकता है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन देने से पहले कचहरी में पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बाद में अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन का पुतला भी फूंका।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्तागण।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 20 हजार का अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला जज अब्दुल शाहिद ने अभियुक्त विनोद कुमार सुत जीतलाल निवासी चम्पत का पुरवा पृथ्वीगंज, थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ को हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड न अदा करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बता दें कि वादी चंद्र प्रकाश सुत रामधन निवासी सेवइत मजरा राज मोहल्ला थाना सोरांव, जनपद प्रयागराज की बहन मंजू देवी पत्नी विनोद कुमार पुत्री राम धन की शादी छह साल वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से ही मेरी बहन को ससुराल वाले दहेज को लेकर परेशान करते थे। मांग पूरी न होने पर 7 अगस्त 2019 की रात विपक्षी लोग एकजुट होकर मिट्टी का तेल डालकर जला दिये और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने के कारण प्रयागराज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्रार्थी को कोई सूचना नहीं दी गई। प्रार्थी की बहन का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव वालों सूचना मिली। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश कुमार शर्मा व विक्रम सिंह ने किया।

## आंधी-बारिश से आम का पेड़ गिरा, कार व दीवार क्षतिग्रस्त

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गुरुवार की रात तेज बारिश और आंधी तूफान से आम का पेड़ गिरने से दीवाल और कार क्षतिग्रस्त गृहस्थी का सामान पूरी तरह नष्ट कधंई थाना क्षेत्र के चक मुबारक पुर गांव के हबीबुल्लाह के घर के समीप पुराना आम का पेड़ स्थित था गुरुवार की शाम से लेकर देर रात तक हुई बारिश में आम का पेड़ गिरने से इस्तखार अहमद की दीवाल क्षतिग्रस्त हो गई और इनके मामा कीकर दीवाल के पास खड़ी हुई थी कर पर पेड़ गिरने से कर बुरी तरह टूट गई और गृहस्थी का लगभग आधा सामान नष्ट हो गया गनीमत रहा की उसे दौरान पेड़ के नीचे कोई व्यक्ति और मवेशी मौजूद नहीं था घटना से आसपास के घरों में दशक का माहौल व्याप्त हो गया घटना की जानकारी ग्राम प्रधान समसुल हक ने क्षेत्रीय लेखपाल महेंद्र सिंह को दी गई।

# जिले में 5 लाख महिलाओं ने रखा तीज पर निर्जला व्रत

● बिना अन्न जल के 30 घंटे उपवास रहकर महिलाओं ने की तीज की पूजा






अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशाम्बी।** भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरितालिका तीज का त्यौहार हिंदू धर्म में आस्था और विश्वास का प्रतीक है इस दिन महिलाएं बालिकाएं गौरी गणेश गौरा पार्वती की पूजन करती है एक दिन पूर्व से अन्य जल त्याग करके महिलाएं बालिकाएं 30 घंटे से अधिक निर्जला व्रत रहती है कौशांबी जिले के मनौरी चरवा चायल तिल्हापुर सराय अकिल करारी भरवारी मूरतगंज हर्रायपुर सिराथू अझुवा देवीगंज सैनी मंझनपुर नारा टेवा महेवाघाट अषाढा पश्चिम शरीरा चंपहा कड़ा सहित जिले के प्रत्येक कस्बा बाजार और गांव-गांव में महिलाओं ने हरितालिका तीज के व्रत पर उपवास रहकर गौरी गणेश गौरा पार्वती की विभिन्न पूजन सामग्री गंगा जल दूध दही शहद पुष्प बेलपत्र भाग धतूरा फल मिष्ठान चंद्रन श्रृंगार की सामग्री आदि पूजन विभिन्न सामग्रियों से विधि विधान से गौरी गणेश की पूजा कर कीर्तन भजन किया है बड़े उत्साह पूर्वक पूरे जिले में हरतालिका तीज का व्रत महिलाओं बालिकाओं द्वारा मनाया गया है इस व्रत में महिलाएं बालिकाएं 30 घंटे से अधिक बिना अन्य जल के उपवास करती हैं कौशांबी जिले में लगभग 5 लाख महिलाओं बालिकाओं ने हरितालिका तीज के पर्व पर उपवास रह कर गौरी गणेश गौरा पार्वती की पूजा की है।

## 22 दिन बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी होने के बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए युवक परेशान था लेकिन थाना पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही थी आखिर घटनाओं को दर्ज करने में पुलिस को इतनी परेशानी क्यों होती है जब पुलिस घटनाओं को दर्ज नहीं करती तो घटनाओं का खुलासा पुलिस कैसे करेगी आंकड़ों का खेल खेलने में थाना पुलिस लगी है सैनी थाना पुलिस द्वारा बाइक चोरी का मुकदमा न दर्ज किए जाने पर पीड़ित व्यक्ति पुलिस अधीक्षक से मिला और अधिकारियों के निर्देश पर घटना के 22 दिन बाद गुरुवार को बाइक चोरी की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के कनवार जोरावरपुर गांव निवासी राजकुमार पुत्र स्व.देशराज 14 अगस्त को खेत गया था। बाइक उसने लिंक मार्ग पर खड़ी कर दी थी। खेत से लौटकर आया तो बाइक गायब थी पुलिस को सूचना देने के बाद थाना पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया एसपी बृजेश श्रीवास्तव से शिकायत के बाद गुरुवार की शाम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

● मौत की सूचना पाकर परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। सैनी थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव निवासी कामता प्रसाद उर्फ अनिल पटेल उम्र 25 वर्ष पुत्र भोला प्रसाद कड़ाधाम थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे में एक निजी क्लीनिक का संचालन करता था। बताते हैं कि बृहस्पतिवार की देर रात वह बाइक से क्लीनिक से घर जा रहा था। इसी दौरान मीरापुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने युवक को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी मौत हो जाने से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। टक्कर मारने वाले वाहन की खोजबीन पुलिस द्वारा की जा रही है।



## ठेकेदार के डंपर ने बच्चे को कुचला मौत

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के समदा चौराहे के पास रामवन गमन मार्ग के कार्य में लगे ठेकेदार के डम्फर ने एक बच्चे को कुचल दिया है जिससे बच्चे की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है लोगों ने हो हल्ला मचाया और वाहन चालक पर मुकदमे की मांग की भीड़ देखकर के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक समेत भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है और कार्यवाही करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया है पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ठेकेदार के डम्फर चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के समदा चौराहे के पास रामबन गमन मार्ग के कार्य मे लगे ठेकेदार का डंपर चालक मिट्टी लेकर तेज गति से जा रहा था सोनारन का पुरवा निवासी सिरियांश उम्र 8 वर्ष पुत्र बब्लू पटेल बाजार से वापस लौट रहा था इसी बीच तेजगति अनियंत्रित डम्फर चालक ने बालक को रौंद दिया है जिससे बालक की दर्दनाक मौत हो गयी है बालक की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस आला अधिकारी समेत भारी फोर्स पहुंच गई है ग्रामीण सड़क पर हो हल्ला मचा रहे थे काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण माने हैं पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया है।

## शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए दिव्यांगजन करें आवेदन

**कौशाम्बी।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0-15000 तथा केवल युवती के दिव्यांग होने पर रू0-20000 एवं दोनों के दिव्यांग होने पर रू0-35000 की धनराशि दी जायेंगी। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांगजनों की शादी के समय युवक की उम्र 21 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की उम्र 18 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, दम्पत्ति आयकर दाता न हो, सीएमओ द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए एवं ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिन्ट आउट वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, विकास भवन, मंझनपुर में अवश्य जमा करें। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकतें हैं।

# किसानों को नैनो यूरिया की उपयोगिता के सम्बन्ध में जागरूक करने के डीएम ने दिये निर्देश

**जिलाधिकारी ने कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक ली**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में शुक्रवार को उदयन सभागार में कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की आउटकम समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों-कृषि, उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, लघु सिंचाई, मण्डी, जिला खाद्य एवं विपणन से सम्बन्धित विभाग के अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया था, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य एवं पूर्ति के ऑकड़ों की समीक्षा के स्थान पर लाभ प्राप्त करने वाले कृषकों की आय में होने वाले बृद्धि व जीवन शैली में आने वाले बदलाव का मापदण्ड निर्धारित करने एवं प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग कर आउटकम लाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने नैनो यूरिया की सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 05 अधिकारियों की टीम बनाकर 02 दिवस के अन्दर सभी समितियों का निरीक्षण कर नैनो यूरिया की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर अवगत करायें। उन्होने कहा कि ब्लॉकों में कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को नैनो यूरिया को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय।

## न्यूज झरोखा

### 70 सालों में ना नाली बनी, ना लगा खड़ंजा कहते हैं गांव-गांव में है विकास




**गुलामीपुर कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव के सरैया मजरा में 70 सालों के बीच ना तो जल निकासी के लिए नाली बन सकी है और ना ग्रामीणों के आने जाने के लिए गांव में इंटरलॉकिंग खड़ंजा लग सका है गांव में तमाम समस्याएं हैं जिसका समाधान नही हुआ लेकिन उसके बाद सरकार और उनके नुमाइंदे गांव गांव घर-घर विकास की बात कर रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ज्ञान चंद के घर से कल्लू के घर तक आने जाने का रास्ता नहीं है गांव की गली में 25 वर्ष पहले खड़ंजा लगाया गया था जो बेकार हो गया है लोग ऊबड़ खाबड़ रास्ते से आते जाते हैं ग्राम प्रधान से लेकर शासन प्रशासन तक को कई बार ग्रामीणों ने मामले से अवगत कराया लेकिन रास्ता नही बन सका रास्ता बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की ओर पहल नही की है गांव में डामर की पक्की सड़क नही बन सकी है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है अब देश प्रदेश में विकास कहां हो रहा है किसके घरों में बिकास हो रहा है इस गली को देखकर के नेता अधिकारी जबाब दे तो शायद ज्यादा उचित होगा

### सीएचसी चायल के अधीक्षक ने ट्रेनिंग सेंटर का किया निरीक्षण




**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को संस्था द्वारा उच्चस्तरीय ट्रेनिंग चायल में दी जा रही है। ट्रेनिंग के दौरान शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल के अधीक्षक डॉ ललित ने ट्रेनिंग सेंटर का औचक नीरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने ट्रेनिंग ले रहे एम्बुलेंस कर्मियों से बात की और ट्रेनर द्वारा दी जा रही ट्रेनिंग को अमल में लाने की सलाह दी। कौशाम्बी जनपद में तैनात एम्बुलेंस कर्मियों की सराहना भी की और कहा कि आप लोगों का कार्य सराहनीय रहता है। ऐसे ही आप लोग जरूरतमंदो को उत्कृष्ट सेवाएं लगातार देते रहें।

### पापकार्न मेकिंग मशीन के लिए उद्यमी करें ऑनलाइन आवेदन

कौशाम्बी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्र शेखर वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित पापकार्न मेकिंग मशीन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में पापकार्न मेकिंग मशीन वितरण के लिए पापकार्न बनाने वाले भूर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले कारीगरों/व्यक्तियों द्वारा बेवसाइट ४स्त्र'पु.ङ्क्ष.ल्ल ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं। पापकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में सम्पर्क कर सकतें हैं।

# वन स्टॉप शॉप योजनान्तर्गत लाभार्थियों को डीएम ने दिया प्रमाण-पत्र



**कौशाम्बी।** प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजनान्तर्गत वन स्टॉप शॉप खोलने व जनपद स्तर पर रोजगार मुहैया कराने एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए यह योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं में से एक चलायी जा रही है। चयनित 22 अभ्यर्थियों को निदेशक, बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), घानापुर, मंझनपुर में 13 दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया, जिसमें 22 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दिनांक-06 सितम्बर को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा शुक्रवार को उदयन सभागार में प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कॉमना की गई। उप कृषि निदेशक ने बताया कि उ0प्र0 राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण का कार्यक्रम 13 दिन कराये जाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए थे, प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त खाद, बीज व कीटनाशी का लाइसेंस कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क जारी किया जायेंगा व सभी 22 अभ्यर्थियों को रू0 05 लाख का ऋण बैंक से मुहैया कराया जायेंगा, ऋण स्वीकृत के लिए डी0पी0आर0 बैंकों को भेजा जायेगा। बैंकों द्वारा डी0पी0आर0 स्वीकृत कर लेने के बाद रू0-60000 ब्याज सब्सिडी की धनराशि बैंकों को प्रेषित कर दी जायेंगी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, निदेशक आरसेटी व कृषि विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# धवाड़ा के दंगल मेला में उमड़ी भीड़

**चैंपियन आकाश तिवारी को 5100 रुपए नगद और एक चांदी का गदा देकर सम्मानित किया गया**



**बैरम पुर कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत धवाड़ा में शुक्रवार को दंगल एवं मेला का आयोजन किया गया इस दंगल में दूर-दूर के पहलवानों ने रोचक कुश्ती में हिस्सा लिया जिसे देखने के लिए दूर दराज के हजारों लोग मेला ग्राउंड में मौजूद रहे पहलवानों की कुश्ती देख रहे दर्शक बार-बार ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ा रहे थे महिला पहलवानों ने भी कुश्ती के मैदान में अपनी जोरदार कला का प्रदर्शन किया विजई महिला पहलवान को मेला कमेटी ने 2100 रुपए नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किय दंगल के चैंपियन आकाश तिवारी बने जिन्हें 5100 रुपए नगद और एक चांदी का गदा देकर सम्मानित किया गया है इस दंगल मैदान में जिले के साथ-साथ प्रांतीय और अंतरप्रांतीय पहलवानों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया है। मेला आयोजन कर्ता ग्राम प्रधान मीरा देवी पत्नी दिलीप कुमार एवं ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्र प्रकाश पांडेय संयोजक ओम नारायण त्रिपाठी सोनेलाल कोटेदार सुभाष सिंह पटेल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं कार्यकर्ता गण इंद्र कुमार सरोज राजकुमार सरोज अशोक कुमार सरोज आदि के सहयोग से मेला दंगल का आयोजन होता है गांव क्षेत्र के इस मेले में विभिन्न प्रकार के झूले खाने-पीने के सामान की दुकान लगाई गई थी जिनमें लोगों की भीड़ देखी गई है दंगल में कई पहलवानों की कुश्ती रोचक दिखाई पड़ी है विजई पहलवानों को मेला कमेटी द्वारा पुरस्कार देकर के उनका हौसला अफजाई किया गया है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर के स्थानीय पुलिस मेला और दंगल में चहल कदमी करती रही।

## विचाराधीन वादों की प्रतिदिन कार्यवाही कर वादों का शीघ्र करायें निस्तारण : डीएम

जिलाधिकारी ने की चकबन्दी कार्यों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/उप संचालक चकबन्दी श्री प्रबुद्ध सिंह के साथ चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे वाद जो पाँच वर्ष से अधिक समय से विचाराधीन है, उन वादों की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही करते हुए वाद का निस्तारण अतिशीघ्र किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ऐसे ग्राम जो माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से प्रभावित है, उन ग्रामों की प्रगति बढ़ाये जाने के लिए स्थायी अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से सम्पर्क स्थापित कर स्टे समाप्त कराये जाने की कार्यवाही अविलम्ब की जाय। आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा में पाया गया कि कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवेदक को सुनकर उनकी शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाय।इसके साथ ही उन्होंने चकबन्दी ग्रामों की कार्य प्रगति की कार्ययोजना बनाकर ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि अधिक से अधिक ग्रामों का जिनमें चकबन्दी संचालित है. शीघ्र पूर्ण कर धारा-52 की कार्यवाही करायी जाय।

# राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिये चयनित हुयी प्रयागराज मण्डल से 13 छात्राएं एवं 15 छात्र






**अझुवा कौशाम्बी।** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में मण्डलीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितम्बर को किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.सच्चिदानन्द यादव रहे सर्वप्रथम माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया` व-17 बालिका वर्ग परिणाम में 40 किग्रा भार वर्ग में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की शिवांकी पाल को प्रथम स्थान, 45 किग्रा भार वर्ग में स्वेच्छा प्रयागराज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ 49 किग्रा भार वर्ग में रीना देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान 55 किग्रा भार वर्ग में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की माही गुप्ता को प्रथम स्थान वा 59 किग्रा भार वर्ग में लक्ष्मी देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। 64 किग्रा भार वर्ग में रिया सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान, 71 किग्रा भार वर्ग में प्रान्जल गुप्ता धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ`व-19 बालिका वर्ग परिणाम में 45 किग्रा भार वर्ग में मांशी यादव प्रयागराज को प्रथम स्थान वा 49 किग्रा भार वर्ग में महिमा प्रयागराज को प्रथम स्थान वा 55 किग्रा भार वर्ग में लबली पाल धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान मिला 59 किग्रा भार वर्ग में सुमैया नायर प्रयागराज को प्रथम स्थान वा 64 किग्रा भार वर्ग में शकुन धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान मिला 71 किग्रा भार वर्ग में अन्नू साहू जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

व-17 बालक वर्ग परिणाम मे 49 किग्रा भार वर्ग में रावेन्द्र दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज ओसा को प्रथम स्थान वा 55 किग्रा भार वर्ग में मो मैफूज धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान वा 61 किग्रा भार वर्ग में नावेद प्रयागराज को प्रथम स्थान वा 67 भार वर्ग में शाहिल चौधरी धर्मा देवी इंटर कॉलेज को प्रथम स्थान मिला 73 भार वर्ग में ऋषि प्रयागराज को प्रथम वा 81 किग्रा भार वर्ग में सुजल पटेल प्रयागराज को प्रथम वा 89 किग्रा भार वर्ग में गौरव धर्मा देवी इंटर कॉलेज को प्रथम स्थान वा 96 किग्रा भार वर्ग में गौरव सिंह पाल धर्मा देवी इंटर कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

व19 बालक वर्ग परिणाम में 55 किग्रा भार वर्ग में आकाश कौशाम्बी को प्रथम स्थान वा 61 किग्रा भार वर्ग में शिवम कौशांबी को 67 किग्रा भार वर्ग में शनि कौशांबी) वा 73 किग्रा भार वर्ग में राज कुशवाहा कौशांबी वा 89 किग्रा भार वर्ग में मो सादाब धर्मा देवी इंटर कॉलेज को प्रथम स्थान मिला 96 किग्रा भार वर्ग में मो तालिब, 102+ किग्रा भार वर्ग में अमन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।अपने अपने भार वर्ग में स्थान प्राप्त समस्त छात्र/छात्राओं को विद्यालय प्रबन्ध तंत्र द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया( इस कार्यक्रम के अवसर पर राजू यादव राजकीय प्रधानाचार्य नीरज केशरी राजकीय प्रधानाचार्य आनन्द सिंह खेल पटल सहायक रामसुन्दर सिंह सचिव स्काउट गाइड चुन्नी लाल प्रधानाचार्य श्याम लाल खेल सचिव चन्द्र भूषण पाण्डेय पूर्व खेल सचिव श्याम बाबू जिला स्काउट कमिश्नर जगदीश केशरवानी, रमेश चन्द्र केशरवानी आदि उपस्थित रहें। निर्णायक मण्डल मेंबुलन्द प्रताप राय प्रयागराज दिनेश कुमार कौशाम्बी संदीप कुमार अजीत कुमार अवध यादव मेजर सिंह पटेल महेन्द्र सिंह आदि सदस्य रहे। कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया।

# विघ्नहर्ता, शुभकर्ता गणेशजी बहुआयामी देवता हैं

-ललित गर्ग-

**गणेश भारतीय** संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। प्राचीन काल से हिन्दू समाज कोई भी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए उसका प्रारम्भ गणपति की पूजा से ही करता आ रहा है। प्रतिकूल, अशुभ, अज्ञान एवं दुःख से परेशान मनुष्य के लिये गणेश ही तारणहार है। वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्म हुआ। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है।

गणेश के रूप में विष्णु शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव पे धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी। सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का तो 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है। अर्थात गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है। हजारों स्थानों पर भारतीय कला और संस्कृति की भिन्न-भिन्न गणेश-छवियों के दर्शन होते हैं। रात्रि में सर्वत्र रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अंतिम दिन बड़ी धूमधाम से गणेश-प्रतिमाओं का विसर्जन नदी तटों, सरोवरों अथवा समुद्र में किया जाता है। दिन-प्रतिदिन गणेश चतुर्थी को अधिक से अधिक भव्यता से मनाने का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है।

भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-



पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है।

गज मुख पर कान भी इस बात के प्रतीक हैं कि शासक जनता की बात को सुनने के लिए कान सदैव खुले रखें। यदि शासक जनता की ओर से अपने कान बंद कर लेगा तो वह कभी सफल नहीं हो सकेगा। शासक को हाथी की ही भांति शक्तिशाली एवं स्वाभिमानी होना चाहिए। अपने एवं परिवार के पोषण के लिए शासक को न तो किसी पर निर्भर रहना चाहिए और न ही उसकी आय के स्रोत ज्ञात होने चाहिए। हाथी बिना झुके ही अपनी सूँड की सहायता से सब कुछ उठा कर अपना पोषण कर सकता है। शासक को किसी भी परिस्थिति में दूसरों के सामने झुकना नहीं चाहिए। गणेशजी के पैर छोटे हैं जो कर्मेन्द्रिय के सूचक और सत्व गुणों के प्रतीक हैं। मूषक गणपति का वाहन है जो चंचलता एवं दूसरों की छिद्रान्वेषण की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने का प्रेरक है। गणेशजी की चार भुजाएँ चार प्रकार के भक्तों, चार प्रकार की सृष्टि और चार पुरुषार्थों का ज्ञान कराती है।

गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण ही गणेशजी की मानव-जाति सदा ऋणी रहेगी। आज के शासनकताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

## सम्पादकीय

### कांग्रेस और नेशनल काफ्रेंस गठबन्धन ने प्रचार अभियान की शुरूआत

**जम्मू**-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल काफ्रेंस गठबन्धन ने प्रचार अभियान की शुरूआत बड़े वादे को दोहराते हुए कर दी है। राहुल गांधी ने बुधवार को कश्मीर के रामबन में एक विशाल रैली को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 1947 में कांग्रेस की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के राजा को हटाकर उसे राज्य का दर्जा दिया था लेकिन भाजपा सरकार ने पांच वर्ष पहले राज्य के दर्जे को समाप्त कर यहां एक राजा (लेफ्टीनेंट गवर्नर) को बैठा दिया है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य को केन्द्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जा रहा है, जबकि अब तक केन्द्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया जाता रहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी को अवसर मिला तो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटायेगी। 90 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस 32 सीटों पर और नेशनल काफ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर फ्रेंडली फाइट होने जा रही है।18 व 25 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को यहां (तीन चरण) चुनाव होने जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस संवेदनशील राज्य में दस वर्षों के बाद चुनाव होने जा रहे हैं। 5 अगस्त, 2019 को भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर के लिये लागू अनुच्छेद- 370 को हटा कर इसे और लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था। उसी साल विधानसभा का चुनाव होना था लेकिन वह इसी आधार पर टाल दिये गये थे। यहां चुनाव कराने की अनिच्छुक भाजपा की केन्द्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अंतर्गत चुनाव कराना लाजिमी हो गया है। महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) गठबन्धन का हिस्सा तो नहीं है लेकिन समझा जाता है कि जरूरी हुआ तो उसका समर्थन कांग्रेस-एनसी को मिल सकता है। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि भाजपा से लोगों की इस कदर नाराजगी है कि उसे कश्मीर में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सका है। कांग्रेस से अलग होकर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाने वाले गुलाम नबी आजाद की भी राह कोई आसान नहीं मानी जा रही है। उसके अब तक 10 ही सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान हुआ है। माना जा रहा था कि उसका भाजपा से गठबन्धन हो सकता है लेकिन अब लगता है कि वह भाजपा की बी टीम के रूप में लड़ेगी। वैसे पहले ही उसके चार प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया है।

उधर दूसरी तरफ भाजपा अपनी रणनीति बनाने में मशगूल है लेकिन ऐसे अनेक मुद्दे हैं जिन्हें लेकर उसे जनता के बीच जाना मुश्किल हो जायेगा। पहली बात तो यही है कि अनुच्छेद- 370 हटाये जाने को लेकर वहां की जनता काफी नाराज है। उस प्रक्रिया के दौरान न तो वहां की जनता की राय ली गयी थी, न ही उसके बाद वे वादे पूरे हुए जिनका उल्लेख कर कहा जाता रहा।

# राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

रमेश सर्राफ धमोरा



**गणेश** शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत .में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी मनाने के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते है।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं।

गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी।

लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते।

# ये बुलडोजर न्याय ऐसे कैसे रुकेगा?

- राजेन्द्र शर्मा

**दुर्भाग्य से** सुप्रीम कोर्ट भी इस बुलडोजर राज के सांप्रदायिक और ब्राह्मणवादी आशयों, आग्रहों, अर्थों से कतराते हुए, इसे सिर्फ न्यायिक विचलन के मामले की तरह लेने के लिए उत्सुक नजर आता है। लेकिन, इस तरह के नजरिए से तो, सबसे नेक इरादों से भी, ज्यादा से ज्यादा इस बुलडोजर अन्याय की अतियों पर ही अंकुश लग सकता है। जाहिर है कि इस बुलडोजर अन्याय का वास्तविक इलाज तो अंततः जनता ही, इस अन्याय को बढ़ावा देने वाली ताकतों को सत्ता से बाहर करने के जरिए करेगी। फिर भी, सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप, इस तरह के बुलडोजर अन्याय पर सवाल उठाने में मदद तो करेगा ही।



उत्तर प्रदेश समेत, देश के विभिन्न राज्यों में और खासतौर पर भाजपा-शासित राज्यों में, "बुलडोजर (अ)न्याय" की बढ़ती प्रवृत्ति पर, सुप्रीम कोर्ट की हाल की सख्त टिप्पणियों ने अंकुश लगाने का काम अवश्य किया है। देश की सबसे ऊंची अदालत ने दो-टूक शब्दों में इस सिद्धांत का एलान किया है कि 'किसी आरोपी तो क्या किसी दोष-सिद्ध अपराधी के भी घर को, समुचित कानूनी/न्यायिक प्रक्रिया के बिना नहीं गिराया जा सकता है।' जस्टिस बीआर गवई तथा केवी विश्वनाथन की पीठ ने, जमीयत उल उलेमा ए हिंद तथा कुछ अन्य संगठनों की, राज्य सरकारों की बढ़ती बुलडोजर कार्रवाइयों के खिलाफ याचिकाओं पर विचार के क्रम में उक्त तीखी टिप्पणियां की हैं। शीर्ष अदालत ने इस सिलसिले में पूरे देश के लिए एक समान दिशा-निर्देश जारी करने की मंशा जतायी है और दो हफ्ते बाद ही, 17 सितंबर को आगे की सुनवाई करने का फैसला लिया है।

बहरहाल, शीर्ष अदालत की इन तीखी टिप्पणियों के बावजूद, देश में "बुलडोजर न्याय" के बढ़ते कदमों के रुकने की बहुत उम्मीद नहीं बंधती है। इसका सबसे बड़ा कारण तो "बुलडोजर न्याय" के नाम पर इस बढ़ते अन्याय को बढ़ावा देने का वर्तमान शासन का रुख ही है। याद रहे कि इस बुलडोजर अन्याय का मुद्दा कोई पहली बार शीर्ष अदालत में नहीं पहुंचा है। इस मुद्दे पर जब-तब हुए अदालती हस्तक्षेपों के अलावा, जिनमें दिल्ली में जहांगीरपुरी में मनमानी सांप्रदायिक कार्रवाई पर रोक लगाना भी शामिल था, जिसके आदेश के आधार पर वरिष्ठद सीपीआई (एम) नेता, बृंदा कारात बुलडोजर को रुकवाने के लिए उसके सामने जाकर खड़ी हो गयी थीं, 2022 में भी सुप्रीम कोर्ट ने बाकायदा इस मुद्दे पर गौर किया था। लेकिन, कुछ न्यायपालिका की ढील और कुछ मौन सहमति से, उसके बाद गुजरे समय में, बुलडोजर राज सिर्फ जारी ही नहीं रहा है बल्कि सत्ताधारी भाजपा-शासित राज्यों में उसमें और तेजी ही आयी है।

इसी सचाई का कुछ अंदाजा सर्वोच्च न्यायालय को ताजा सुनवाई के दौरान भी मिल गया होगा। याचिकाओं के अनुसार, इस तरह के बुलडोजर राज की मुख्य आरोपी, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए, भारत के एडवोकेट जनरल, तुषार मेहता ने दावा किया कि इसमें गैर-कानूनी कार्रवाई जैसा कुछ भी है ही नहीं। घर-दूकानें आदि बुलडोजरों से ध्वस्त करने में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि म्यूनिसिपिल कानूनों में अवैध निमार्णों के मामले में ध्वस्तीकरण का प्रावधान है। और प्रायः सभी मामलों में ध्वस्तीकरण से पहले नोटिस देने आदि की कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। इस तरह, सब ठीक-ठाक है और शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत ही नहीं है! लेकिन, इससे बड़ा झूठ दूसरा नहीं हो सकता है। इसीलिए, सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के शीर्ष न्यायिक अधिकारी के इन दावों को गंभीरता से लेने से इंकार कर दिया और इस मामले में हस्तक्षेप करने का स्पष्टद्द इरादा जताया है।

फिर भी यह कहना पड़ेगा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार के शीर्ष वकील के झूठ को आधा ही ठुकराया है या आधे ही सच को रेखांकित किया है। देश के बड़े हिस्से में इस समय कानून के न्याय की जगह बुलडोजर (अ)न्याय चल रहा होना, कानून तथा संविधान के शासन के लिए बहुत ही चिंताजनक होने के बावजूद, सिर्फ आधा ही सच है। इसी सचाई का शेष आधा भाग यह है कि यह बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक राजनीति का हथियार मात्र है। कई बार, बहुत भोलेपन में या सवा चतुराई में, कई लोग इस तरह का दिखावा करने की कोशिश करते हैं जैसे बुलडोजर (अ)न्याय, देश में न्याय व्यवस्था की कमजोरियों की और खासतौर पर उसमें होने वाले बहुत भारी विलंब की ही प्रतिक्रिया हो। भारतीय न्याय प्रणाली में "तारीख पर तारीख" पड़ती रहती है, खासतौर पर संपत्ति संबंधी मामलों के फैसले तक पहुंचने में दशकों लग जाते हैं, जबकि बुलडोजर तुरंत फैसला कर देता है! लेकिन, सांप्रदायिक उन्माद की धूल को हटाकर देखें तो, यह देखने में जरा भी देर नहीं लगेगी कि बुलडोजर के फैसलों का लोगों या समाज के हित के अर्थ में, न्याय से कुछ लेना-देना ही नहीं है। हां! उसका सांप्रदायिक बदले के एहसास से सब कुछ लेना-देना है।

वास्तव में यह मानना खुद को सोच-समझकर धोखा देने के सिवा और कुछ नहीं है कि इन बुलडोजर कार्रवाइयों का गलियां-सड़कें आदि चौड़ी करने या आम तौर पर शहरों-कस्बों का सुंदरीकरण करने या नागरिकों के लिए सुविधाएं बेहतर करने से कोई लेना-देना है। हमारे जैसे देश में ऐसे ध्वस्तीकरणों की नैतिकता के गंभीर सवालों को अगर हम उठाकर भी रख दें तब भी, पहले कभी शहरी ध्वस्तीकरणों की ऐसी सेकुलर भूमिका रही होगी तो रही होगी। अब नहीं।

वर्तमान भाजपा निजाम में, खासतौर पर डबल-ट्रिपल इंजनिया सरकारों के जमाने में बुलडोलर को त्वरित ध्वस्तीकरण से आगे, त्वरित सांप्रदायिक ध्वस्तीकरण के औजार में तब्दील किया जा चुका है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि महिलाओं के साथ बदसलूकी समेत जिस तरह के अपराधों के मुस्लिम आरोपियों के खिलाफ और कभी-कभी अवर्ण या दलित आरोपियों के भी खिलाफ तुरत-फुरत बुलडोजर सक्रिय हो जाता है, बुलडोजर की वैसी सक्रियता इन निजामों में वैसे ही अपराधों के सवर्ण हिंदू आरोपियों के खिलाफ शायद ही कभी दिखाई देता होगी। और अगर आरोपी को कहीं सत्ताधारी पार्टी का संरक्षण हासिल हो तब तो पूरी शासन व्यवस्था उसे बचाने में या कम से कम उसके खिलाफ आरोपों को कमजोर करने में जुट जाती है। जिस उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मुस्लिम आरोपियों के घर पर फौरन बुलडोजर पहुंच जाता है, उसी उत्तर प्रदेश में बीएचयू की छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के आरोपी, भाजपा के आइटी सैल के तीन पदाधिकारियों के घर पर बुलडोजर पहुंचना तो दूर, उन्हें छः-सात महीने में जमानत देकर जेल से बाहर भी करा दिया गया है। ठीक इसी चीज ने बुलडोजर को बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक "शक्ति" और ब्राह्मणवादी सवर्णता की शक्ति के भी प्रतीक में बदल दिया है और आदित्यनाथ जैसे शासकों को इस बुलडोजर अन्याय के साथ उनके लगाव के चलते, "बुलडोजर बाबा" जैसे नाम दे दिए गए हैं।

2024 के आम चुनाव में लगे धक्के बाद, इस बुलडोजरवाद से पीछे हटे जाने के बजाए, वर्तमान सत्ताधारी उसी रास्ते पर और तेजी से बढ़ रहे हैं। यह विडंबनापूर्ण किंतु सच है कि चुनावी धक्के से नरेंद्र मोदी के दबदबे के कमजोर नजर आने लगने से, सत्ताधारी भाजपा के मुख्यमंत्रियों के बीच, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरने की होड़ बहुत तेज हो गयी है। और सांप्रदायिक बोली तथा सांप्रदायिक कानूनों व अन्य कदमों के ही हिस्से के तौर पर, सभी भाजपायी मुख्यमंत्री बुलडोजर राज को आगे बढ़ाने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के अलावा, जिन्होंने 2019 के आखिर के सीएए-विरोधी आंदोलन के समय से इस सांप्रदायिक बुलडोजर राज की शुरूआत की थी, अब असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, आदि राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस होड़ में कूद चुके हैं। हैरानी की बात नहीं है कि बुलडोजर अ(न्याय) की हाल की दो चर्चित घटनाएं, जिनकी गूंज सुप्रीम कोर्ट तक सुनाई दी है, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में ही हुई हैं। मध्य प्रदेश में छतरपुर में हुई घटना में, कथित रूप से पुलिस थाने पर पथराव के बदले की कार्रवाई में, पुलिस ने हाजी शहजाद अली के घर और परिसर को, वहां खड़ी दो एसयूवी गाड़ियों समेत, बुलडोजर से ध्वस्त ही नहीं कर दिया, उनके परिजनों को अभद्र नारे लगाते एक जुलूस में चलने के लिए भी मजबूर कर दिया गया। इसी प्रकार, राजस्थान में दो स्कूली छात्रों के बीच झगड़े में चाकूबाजी की घटना में, हिंदू छात्र के घायल हो जाने पर (बाद में उसकी मौत हो गयी), आरोपी मुस्लिम छात्र के परिवार के घर को, जहां वे वास्तव में किराएदार भर थे, बुलडोजर से पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। और ये तो सिर्फ दो ताजातरीन उदाहरण हैं, इस तरह के बुलडोजर (अ)न्याय के।

दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट भी इस बुलडोजर राज के सांप्रदायिक और ब्राह्मणवादी आशयों, आग्रहों, अर्थों से कतराते हुए, इसे सिर्फ न्यायिक विचलन के मामले की तरह लेने के लिए उत्सुक नजर आता है। लेकिन, इस तरह के नजरिए से तो, सबसे नेक इरादों से भी, ज्यादा से ज्यादा इस बुलडोजर अन्याय की अतियों पर ही अंकुश लग सकता है। जाहिर है कि इस बुलडोजर अन्याय का वास्तविक इलाज तो अंततः जनता ही, इस अन्याय को बढ़ावा देने वाली ताकतों को सत्ता से बाहर करने के जरिए करेगी। फिर भी, सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप, इस तरह के बुलडोजर अन्याय पर सवाल उठाने में मदद तो करेगा ही।

## काम को सूक्ष्म मानकर हो जाते हैं कमजोरः एडीजीपी

### सतर्कता से करें उपराष्ट्रपति आगमन ड्यूटी

**अखंड भारत संदेश**



निर्देश देते एडीजीपी भानु भास्कर।

**चित्रकूट।** एडीजीपी प्रयागराज जोन भानु भास्कर की अध्यक्षता में आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आधुनिक जीवन व ऋषि परंपरा में मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने पर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट व सुरक्षा बलों के साथ रामायण मेला सीतापुर में ब्रीफिंग की।

शुक्रवार को एडीजीपी ने कहा कि कोई काम छोटा नहीं होता। सूक्ष्म मानकर हम कमजोर हो जाते हैं। अंतिम पक्ति में खड़ा सिपाही सतर्क रहे, ये जिम्मेदारी है। सर्वप्रथम चुनौती सड़क की होती है। सड़क पर ये देखें कि कोई विस्फोटक, बिजली तार, गैस सिलेंडर व अन्य विस्फोटक तो नहीं है, उसे देखें। वीआईपी के आने पर सभी सचेत रहते हैं, जाते समय सचेत नहीं रहते, ये बहुत बड़ी भूल है। पेड़ों की निगरानी, विस्फोटक, शार्ट-सर्किट नंगे तार हैं, वहां देख लें। पहले से तैयारी करें। तैयारी बाद भी हादसे होते हैं। कैसे वीआईपी सुरक्षा देनी है, रिहर्सल बाद चेक कर आज ही सही करायें। कंन्टीजेन्स रूट को ध्यान से देखें। प्रदेश में जहां भी वीआईपी मूवमेंट हुआ है, वहां पर सभी की ड्यूटी लगी सफल रही। वीआईपी के जाने के बाद 20-30 मिनट बाद ही ड्यूटी स्थल छोड़ें। छोटी-छोटी गलतियां व थोड़ी चूक से बड़ी घटना हो जाती है। संदिग्ध लोगों की पहचान करें।

वर्षों के अनुभव लोगों के पास हैं, कार्यक्रम सकुशल संपन्न करायें। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट पवित्र नगरी में उपराष्ट्रपति आगमन पर क्या-क्या सावधानियां बरतनी है, रिहर्सल के साथ देखें। वीआईपी ड्यूटी यहां श्रद्धालु आते रहते हैं। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि कोई पशु रास्ते में नहीं रहने चाहिए।

डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा बंदोबस्त सतर्कता से करें। उपराष्ट्रपति का आगमन जिस रास्ते से हो, गंभीरता से ड्यूटी करें। दो दिवसीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति शामिल होंगे। अष्टावक्रा हाल में जिसकी ड्यूटी लगी है, विनम्रता से ड्यूटी करें। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जो बच्चें हाल में रहें, अच्छा बर्ताव करें। उपराष्ट्रपति के सेमिनार में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। एसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पहले भी ड्यूटी कर चुके हैं, वीआईपी में अच्छे से विनम्रता से ड्यूटी निभायें।

## चित्रकूट का सीएम करा रहे तेजी से विकासः प्रभारी मंत्री

**अखंड भारत संदेश**



प्रभारी मंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

**मऊ/चित्रकूट।** जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप का नगर पंचायत मऊ में जोरदार स्वागत हुआ। भाजपाइयों ने फूल-मालाओं से उन्हें लादकर भारत माता के जयकारे लगाये। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप का नगर पंचायत मऊ में मऊ/मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी के आवास पर समर्थकों के स्वागत से अभिभूत प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं।

शुक्रवार को प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में मऊ/मानिकपुर समेत चित्रकूट का तेजी से विकास हो रहा है। कार्यकर्ताओं से चर्चा की। प्रभारी मंत्री के आगमन से भाजपा व अपना दल कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। प्रधान महिला विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, विष्णु देव त्रिपाठी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप द्विवेदी, राकेश मिश्रा बरिया, कमल अहिरी, राहुल तिवारी, रामबाबू तेंदुवा, चित्रवार प्रधान भागवत द्विवेदी, नगर पंचायत मऊ के ब्रांड एंबेसडर शारदा अग्रहरि, पूर्व प्रधान पप्पू बरहा, जय भारत द्विवेदी, अर्चित शुक्ला, भईयन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## यौन शोषण की शिकार पीड़िता के समर्थन में उतरी भीम आर्मी

### एसपी से भेंटकर आरोपी की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**



एसपी से भेंट करने आये भीम आर्मी।

**चित्रकूट।** यौन शोषण की शिकार महिला को न्याय दिलाने को भीम आर्मी आगे आई है। आर्मी के जिला संयोजक ने पीड़िता के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंटकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि राजापुर के सिद्ध विनायक अस्पताल के डॉक्टर समेत अन्य लोगों ने पीड़िता का यौन शोषण किया था। रिपोर्ट राजापुर थाने में दर्ज है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपियों ने पीड़िता पर जबरन सुलह का दबाव बना रहे हैं। सुलह-समझौता न होने पर पीड़िता समेत परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब तक कोई कार्यवाही न होने पर आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़िता व परिवार को खतरे की आशंका है। तत्काल प्रभाव से वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी कराई जाये। पीड़िता व परिवार को सुरक्षा दी जाये। इस मामले के मुख्य आरोपी डॉक्टर से संचालित सिद्ध विनायक अस्पताल को सील कराकर जांच करायें। पुलिस अधीक्षक ने मामले में न्यायोचित कार्यवाही का भरोसा दिया है। इस मौके पर आजाद पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, कोमल सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।



जायजा लेते कमिश्नर डीआईजी।

## कमिश्नर-डीआईजी ने उपराष्ट्रपति आगमन का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल के कमिश्नर व डीआईजी ने चित्रकूट में उपराष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा के मद्देनजर जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर का भ्रमण कर जायजा लिया।

शुक्रवार को मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीआईजी अजय कुमार सिंह ने डीएम शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में उपराष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा के मद्देनजर आरोग्यधाम में बने हेलीपैड व हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल वीआईपी मार्ग का निरीक्षण किया। जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर जायजा लिया। भ्रमण दौरान सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम सदर पूजा साहू व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने एसडीएम स्टेनो के तबादले की उठाई मांग

### 12 साल से मानिकपुर में स्टेनो पद पर है तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्र हीरो ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि संग्रह अमीन उदयभान यादव एसडीएम मानिकपुर के यहां स्टेनो पद पर 12 साल से कार्यरत हैं। उसकी अवैध गतिविधियों के मद्देनजर तबादला जरूरी है।

शुक्रवार को भाजपा जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्र हीरो ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मानिकपुर तहसील में संग्रह अमीन उदयभान यादव 2012 से एसडीएम का स्टेनो है। एक ही पद व तहसील में 12 साल से कार्यरत है। ये अपने रिश्तेदार को लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा करवाकर कमीशन वसूलता है। इसका मूल गांव अरवारा है। परिवार ऐलहा बढैया व ननिहाल छेरिहाखुर्द तथा अन्य रिश्तेदारियां मानिकपुर तहसील में हैं। उदयभान यादव शासनादेशों के विपरीत 12 साल से एक ही सीट पर कार्य कर रहा है।

एसडीएम के स्टेनो पद पर रहते हुए भाजपा की छवि धूमिल कर रहा है। भाजपा का आम जनता से विश्वास कम हो रहा है। पिछले वर्ष उदयभान यादव के रिश्तेदार ऐलहा बढैया में जमीन कब्जा करने गये थे। वहां पुलिस से मारपीट हुई थी। छेरिहाखुर्द में इसके मामा ने दूसरों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। तहसील मानिकपुर में भाजपा के लोगों से अभद्रता करता है। सपा कार्यकर्ता बनकर कार्य कर रहा है। भाजपा को भारी क्षति पहुंच रही है। भाजपाइयों व आम जनता को परेशान करता है। इसका तबादला मानिकपुर तहसील से अन्य तहसील में किया जाये।

## हरे पेडों की नहीं थम रही कटान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केन्द्र व प्रदेश सरकार पर्यावरण संतुलन बनाने को करोडों रुपये खर्च कर रही है। जिले के रैपुरा रेंज में दिन-दहाड़े हरे वृक्षों पर खुलेआम मशीन चल रही है। सूचना के बाद भी हरे वृक्षों की कटान नहीं रुक रही। बिना अनुमति के हरे वृक्ष काटे जा रहे हैं। शुक्रवार को मानिकपुर तहसील के रैपुरा रेंज में इन दिनों दिन-दहाड़े वन माफिया हरे वृक्ष को बिना अनुमति के खुलेआम काट रहे हैं। रेंजर रैपुरा गहरी नींद सो रहे हैं। डीएफओ की मिलीभगत से हरे पेडों में कटान हो रही है, क्योंकि डीएफओ भी खामोश है। प्रतिबंधित अर्जुन, जामुन, नीम वृक्षों का खुलेआम कटान हो रहा है। रेंजर रैपुरा ध्यान नहीं दे रहे।

## गरीबी से तंग ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** पहाड़ी थाना के बकटा बुजुर्ग गांव में भोलेंद्र सिंह (45) ने गरीबी व आर्थिक तंगी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार रात साढे दस बजे भोलेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र में रस्सी से फांसी लगाई। परिजनों ने बताया कि भोलेंद्र की आर्थिक दशा बेहद खराब थी। उसके चार बच्चे हैं। गरीबी के चलते रिश्तेदारों के यहां रहते थे। भोलेंद्र के पास खुद का घर नहीं था। वह गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में रहता था। रोज की भांति खाने-पीने के बाद कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पहाड़ी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शुक्रवार को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। गांव में मातम है।

### चौकी प्रभारी पर आरोपः सीएम-डीजीपी से न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिवरामपुर चैकी के बिहारा गांव में 24 अगस्त की रात हुई चोरी मामले में पीड़ित ने सूबे के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, गृह सचिव व डीजीपी को लिखे पत्र में चोरों के 11 लाख के जेवर व 85 हजार रुपये नकद पार करने के मामले में पीड़ित ने चैकी प्रभारी सत्यम त्रिपाठी पर आरोप लगाये कि चोरी के बाद पुलिस थाने में चोरी गये सामान का विवरण दर्ज नहीं होने दिया। इस चोरी में रीवा के चोरों पर आरोप मढ़ा है। ये संभव नहीं है कि स्थानीय लोगों के बिना चोरी हुई हो। पीड़ित ने दावा किया कि चैकी प्रभारी ने एसपी अरुण कुमार सिंह को गुमराह कर चोरी का खुलासा किया है। चोरी में शामिल पांच चोरों का खुलासा हुआ है। 12 लाख के जेवर व 7200 रुपये बरामद हुए हैं। उनके घर से चुराये 11 लाख के जेवर व 85 हजार रुपये अभी तक बरामद नहीं हुए। चैकी प्रभारी पर कार्यवाही की मांग करते हुए मुख्यमंत्री व डीजीपी से न्याय की गुहार लगाई है। ऐसे ही हाल रहे तो चैकी क्षेत्र सुरक्षित नहीं रहेगा।

## मछुआ समुदाय योजना का लाभ लेकर करें आय दोगुनाः दीपक मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**



गोष्ठी में बोलते मत्स्य विकास अधिकारी।

**राजापुर/चित्रकूट।** प्रदेश सरकार मछुआ समुदाय के विकास को कई योजनायें लागू कर आय दोगुनी करने को प्रयासरत है। नगर पंचायत बारात घर में मछुआ समुदाय के बीच मत्स्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में समुदाय के लोगों के उत्थान को कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई।

शुक्रवार को गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मत्स्य विकास अधिकारी दीपक मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार यमुना किनारे रहने वाले केवट, धीमर, घोघ, मल्लाह जातियों को यमुना नदी में मत्स्य आखेट को पट्टा देने की योजना चलाई है। मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, पांच लाख का फ्री बीमा, साइकिल, मोटरबाइक, टाटा पिकअप को 40 फीसदी अनुदान देने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना व मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना जिले में लागू है। योजनाओं का लाभ लेने को मत्स्य विभाग में पंजीयन अनिवार्य है।

दीपक मिश्रा ने बताया कि जो मोबाइल चलाते हैं, वे फ्रीस फार्मर एप से पूरी जानकारी ले सकते हैं। राजापुर क्षेत्र से मत्स्य जीवी सहकारी समिति राजापुर भंभेट से सरकारी योजना का लाभ लेने को मछुआ समुदाय के काफी लोग समिति से तालाबों की नीलामी लेकर मत्स्य पालन कर आय दोगुना करने में सहायता ले सकते हैं। समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को प्रदेश सरकार ने पांच लाख बीमा मुफ्त किया है। किसी समुदाय के लोगों के पास एक से ढाई एकड़ जमीन है तो तालाब बनाकर मछली पालन कर आय दोगुनी कर सकते हैं। निजी तालाबों को खुदवाने को भूमि संरक्षण से 40 फीसदी अनुदान मिलता है। मत्स्य जीवी सहकारी समिति राजापुर भभेट के अध्यक्ष अमरलाल निषाद व सचिव घनश्याम निषाद ने कहा कि समाज को एकता के साथ व्यापार लाभप्रद है। मछुआ समुदाय से अपील किया कि समाज विकास करना है तो नशामुक्त होकर बच्चों के भविष्य पर ध्यान देना होगा। इस मौके पर सभासद राममिलन निषाद, सीताराम, नन्हू लाल, बाबू कमतू, संतोष कुमार, रमई निषाद, सुरेश, अजय, रामसिया, लखन, सत्यनारायण, महेश आदि मछुआ समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## सात की जगह नौ को लगेगा कैम्पः बीएसए

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि समेकित शिक्षा के तहत एलिम्को कानपुर से मापन व वितरण कैंप चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी सभागार में सात सितंबर को होना था, वह मापन वितरण कैंप नौ सितंबर को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी सभागार में होगा।

## राष्ट्रपति आगमन पर एडीजी ने कराई चौकस व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, मंडलायुक्त बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने उपराष्ट्रपति भारत सरकार जगदीप धनखड़ के जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित आधुनिक जीवन एवं ऋषि परम्परा में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने आ रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने जायजा लिया।

शुक्रवार को एडीजी प्रयागराज जोन ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर कहा कि जो छात्र अष्टावक्र सभागार हाल में रहेंगे, उनकी सूची बनायें। विद्यार्थियों को पानी की व्यवस्था करें। वीआईपी इंट्री को अलग से प्रवेश द्वार बनायें। हाल में वीआईपी को अलग से बैरिकेडिंग करायें। तालाब में 5/6 नाव लगाकर सफाई करायें। जिस रास्ते उपराष्ट्रपति को आना है, उसे सही करायें। हाल के अंदर सभी लाइट व एसी एक साथ छह घंटे चलने पर कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। रामायण की थीम पर रंगोली समेत सीढियों पर गमले रखें। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कैंपस के अंदर रास्ते में पुरानी गाडियों को तत्काल हटवायें। मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिसे जो कार्य दिये हैं, अक्षरशः पालन करायें।

## बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कृति-धर्म का ज्ञान जरूरी

**अखंड भारत संदेश**



शिक्षक दिवस पर ड्रेस बांटते अतिथि।

**चित्रकूट।** शिक्षा से विकास की नई परिभाषा गढ़ने की गरज से सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मना। बच्चों के चहुंमुखी विकास को सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को शिक्षा समेत संस्कृति-धर्म बाबत जानकारी दे रहा है।

इसी कड़ी में गुरुवार को चित्रकूट के प्रमुख धर्माचार्य/व्यवस्थापक कामदगिरि पीठम डॉ मदनगोपाल दास व गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने शिक्षक दिवस में बच्चों को भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि 40 वर्षों तक शिक्षण कार्य से जुड़े रहे, उपराष्ट्रपति व राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया। मुख्य अतिथि मदनगोपाल दास ने स्कूल संस्थापक अजय अग्रवाल व धर्मपत्नी चेयर पर्सन श्रीमती रचना अग्रवाल के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीण अंचल के बच्चों के शैक्षणिक विकास के प्रयास सराहनीय हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ सनातन धर्म व देश के स्वर्णिम इतिहास परिचित कराकर बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित कर सकते हैं।

गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बच्चों से कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माता होते हैं। बच्चे राष्ट्र निर्माता विद्यार्थियों को शिक्षकों की बताई बातें ध्यान से सुनना चाहिए। जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। पूरे देश में शिक्षक दिवस डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जीवन एक उदाहरण है। देश के राष्ट्रपति होते हुए कभी भारतीय संस्कृति व परम्पराओं की अवहेलना नहीं की। स्कूल कोआर्डिनेटर केशव शिवहरे ने कहा कि सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में न सिर्फ शिक्षा पर ध्यान दिया जाता है, बल्कि बच्चों में उच्च संस्कार विकसित करने को आयोजन होते हैं। विद्यालय में धर्माचार्य के उद्बोधन को बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू वर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ को दो-दो जोड़े ड्रेस बांटी गई। स्कूल छात्र/ छात्राओं समेत स्टॉफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अध्यक्ष के कहने पर भी डॉक्टर ने प्रसूता से ली रिश्वत

### भाजपा नेताओं को भी नहीं सेठते भ्रष्ट अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता।

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने खोह अस्पताल के अधीक्षक व डॉक्टर पर प्रसूता से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि खोह अस्पताल में तैनात डॉ श्वेता मिश्रा ने प्रसूता से प्रसव कराने के नाम पर 15 हजार रुपये वसूले हैं। इसकी शिकायत सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी समेत सूबे के मुख्यमंत्री व अन्य आला स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से करने को कहा है। उन्होंने दावा किया कि डॉ श्वेता मिश्रा के रिश्वत लेने के वीडियो आदि उपलब्ध हैं।

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने खासा रोष जताते हुए कहा कि भाजपाइयों की जिले के भ्रष्ट अधिकारियों के रवैये से वह दशा हो गई है कि उनसे न निगलते बन रहा है और न खाते बन रहा है। भ्रष्ट अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को भी कुछ न मानने की ठान ली है। उदाहरण दिया कि कोतवाली कर्वी के मछली मंडी की श्रीमती पूजा गुप्ता पत्नी गुड्डू गुप्ता के प्रसव पीडा होने पर खोह अस्पताल भेजा था। वहां तैनात अधीक्षक भास्कर तथा डॉ श्वेता मिश्रा से अनुरोध किया था कि गरीब आदमी हैं। इसका प्रसव करा दें। डॉक्टर ने मनमानी करते हुए प्रसूता पूजा गुप्ता से बिना 15 हजार रुपये लिये प्रसव कराने से साफ मना कर दिया। प्रसूता के पति गुड्डू गुप्ता ने बमुश्किल कहीं से इंतजाम कर 14 हजार रुपये डॉक्टर को दिये। इस दौरान उसने पूरे सबूत जुटा लिये। वीडियो आदि भी बना लिया। उन्होंने कहा कि डॉ श्वेता मिश्रा की शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से की जायेगी, उन्हें हर-हाल में दंडित कराने के प्रयास करेंगे।

## एआरटीओ वसूली गैंग फिर सक्रिय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के प्रमुख सचिव के निर्देश बाद निलंबित एआरटीओ हाईकोर्ट के आदेश पर बहाल हो गए हैं। पद पर लौटते ही जिले में दोबारा एआरटीओ कार्यालय व आसपास दलालों की बाजार सजने लगी है। सक्रिय हुआ एआरटीओ वसूली गैंग लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है।

शुक्रवार को एआरटीओ गैंग की वसूली का खुलासा हुआ। बताया गया कि जो काम विभागीय कर्मचारियों से मिलकर हजार से दो हजार में होते थे। अब चार से पांच हजार वसूले जा रहे हैं। लोगों ने कहा कि प्रमुख सचिव की कार्रवाई बाद दोबारा बहाल हुए एआरटीओ ने वसूली के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं।

एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला ने वसूली गैंग से कहा है कि उन्हें हर हाल में पैसा चाहिए। कर्मचारियों को निर्देश हैं कि छोटे-मोटे काम को छोड़कर अन्य कार्य दलालों से ही होंगे। चर्चा यहां तक है कि एआरटीओ कहते हैं कि प्रमुख सचिव उनका कुछ नहीं बिगाड पाये तो लोग क्या करेंगे। कुछ को तो हर माह धनराशि पहुंचती है। चाहे वे भाजपा के लोग हों या बड़े-छोटे कार्यकर्ता। सभी कहीं न कहीं से मैनेज होते हैं। जरूरत पडी तो मुख्यमंत्री तक साधा जाएगा।

# स्पेस मिसाइल, स्टील्थ जेट, सुपरकैरियर...

# जापान ने चीन के खिलाफ खोला खजाना

**टोक्यो: जापान** ने चीन का मुकाबला करने के लिए अपने सैन्य बजट में जबरदस्त बढ़ोत्तरी की है। इसके लिए जापानी रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025 में लगभग 58 बिलियन डॉलर के अब तक के अपने सबसे बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके माध्यम से, जापान वर्ष 2025 की शुरूआत में रक्षा श्वेत पत्र और रक्षा निर्माण कार्यक्रम में बताई गई योजनाओं को लागू करने की कोशिश करेगा। यह बजट जापान को इंडो-पैसिफिक में खुद को और अपने आस-पास के मित्र देशों की रक्षा करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगा।



**2027 तक जीडीपी का 2% खर्च करेगा जापान**

सैन्य बजट में इस अनुमानित वृद्धि के साथ जापान 2027 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2 प्रतिशत खर्च करने के लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश करेगा। हालांकि, इस बजट को अभी कैबिनेट से बजटीय अनुमोदन की आवश्यकता है। वर्तमान में जापान का सैन्य बजट जीडीपी का 1.4% है। चूंकि जापान की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर लगभग 1% है, इसलिए इसे अपने नाटो और एशियाई सहयोगियों के लिए अमेरिका द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए अगले तीन वर्षों में बजटीय आवंटन में अभी भी भारी वृद्धि की आवश्यकता होगी।

**जापान को किससे सबसे ज्यादा खतरा**

जापानी रक्षा मंत्रालय के श्वेत पत्र में चीन, रूस और उत्तर कोरिया को देश के लिए खतरा बताया गया है। चीन-रूस और उत्तर कोरिया-रूस की जुगलबंदियों को भी जापान के लिए खतरा माना गया है। अमेरिका की अपनी पिछली यात्रा के दौरान, निवर्तमान प्रधानमंत्री किशिदा ने अमेरिकी कांग्रेस को बताया कि जापान अब न केवल एक क्षेत्रीय भागीदार होगा, बल्कि अमेरिका के सहयोगी के रूप में वैश्विक जिम्मेदारियां भी निभाएगा। इसका मतलब है कि यूक्रेन और ताइवान में, जापान अमेरिकी उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए अधिक काम करेगा।

**जापानी सेना को आक्रामक बनाने की तैयारी**

सैन्य बजट में यह अतिरिक्त खर्च जापानी सेल्फ डिफेंस फोर्सेज को अधिक सक्रिय रणनीति अपनाने वाली सेना में बदले देगा। इसके तहत जापानी सेना अपनी रक्षा के लिए आक्रामक कार्रवाई करने में भी संकोच नहीं करेगा। अतिरिक्त बजट का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका से हथियार खरीदने पर भी खर्च किया जाएगा। इनमें 500 टॉमहॉक मिसाइलें भी शामिल हैं, जो युद्धपोतों और पनडुब्बियों से लॉन्च की जा सकेंगी। इससे जापानी नौसेना की शक्ति में जबरदस्त इजाफा होगा।

**भारी मात्रा में हथियार खरीदेगा जापान**

जापान ड्रोन युद्ध की बढ़ती प्रभावशीलता से भी प्रभावित है। इसके लिए जापान अमेरिका से एमक्यू-9 रीपर ड्रोन खरीदने की सोच रहा है।

इन सबसे अलावा एजिस क्लास के विध्वंसक युद्धपोत, उन्नत गश्ती विमान, पनडुब्बियां और एक मजबूत तटरक्षक बल जैसे विकल्प भी विचाराधीन है। जापानी नौसेना के सबसे बड़े जहाज हेलीकॉप्टर कैरियर इजुमो और कागा को अब एयरक्राफ्ट कैरियर में परिवर्तित किया जा रहा है।

# 900 गोल की उपलब्धि पर पहुंचे करिश्माई स्ट्राइकर रोनाल्डो



**लिस्बन। करिश्माई** स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्लब और देश के लिए अपने करियर का 900वां गोल किया, यह उपलब्धि पहले कभी नहीं हुई। छह बार के बैलन डी'ओर विजेता ने यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप मैच में क्रोएशिया पर 2-1 की जीत के दौरान पुर्तगाल का दूसरा गोल किया।

जबरदस्त उपलब्धि के बाद, रोनाल्डो ने कहा कि वह रिकॉर्ड नहीं तोड़ते बल्कि 'वे उन्हें परेशान करते हैं।'

रोनाल्डो ने मैच के बाद साक्षात्कार में कहा, "900 गोल किसी भी अन्य मील के पत्थर की तरह लगते हैं, लेकिन केवल मैं ही जानता हूं कि अपना 900वां गोल करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। यह मेरे करियर में एक अनोखा मील का पत्थर है। मैं रिकॉर्ड नहीं तोड़ता, वे मुझे परेशान करते हैं!"

रोनाल्डो का गोल उस रात अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ और पुर्तगाल को नेशंस लीग ग्रुप ए अभियान में विजयी शुरूआत करने में मदद मिली। 2016 यूरो विजेताओं के लिए यह उनका 131वां गोल था।

अल-नासर फारवर्ड अपने मील के पत्थर के जश्न में छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से स्कोर करने के बाद अपने घुटनों पर गिर गए और अपने देश में ऐसा करने का सम्मान पाने के जबरदस्त क्षण से भावुक थे।

हालाँकि यह अनिश्चित है कि रोनाल्डो का अंतर्राष्ट्रीय करियर कब समाप्त हो सकता है, पुर्तगालियों ने हाल ही में स्वीकार किया है कि यह 'सहज निर्णय' होगा, 39 वर्षीय ने कहा कि वह अब राष्ट्रीय टीम के लिए ट्रॉफी जीतने के लिए प्रेरित नहीं हैं।

उन्होंने कहा, "पुर्तगाल का यूरो जीतना विश्व कप जीतने के बराबर है। मैं पहले ही पुर्तगाल के लिए दो ट्रॉफियां जीत चुका हूं जो मैं वास्तव में चाहता था।

मैं इससे प्रेरित नहीं हूं। मैं फुटबॉल का आनंद लेने से प्रेरित हूं और रिकॉर्ड स्वाभाविक रूप से बनते हैं।"

अपने करियर में रोनाल्डो ने दो दशकों से अधिक समय तक यूरोप में अपना दबदबा कायम रखा है और वह फुटबॉल इतिहास में सबसे शानदार गोल स्कोरर में से एक साबित हुए हैं।

# मोदी के मुस्लिम विरोधी होने के झूठ का गुब्बारा फूटा

**इस्लामाबाद: ब्रुनेई** की अपनी हालिया यात्रा के दौरान भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने यहां की मशहूर उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का भी दौरा किया। ब्रुनेई की राजधानी सेरी बेगवान में बनी उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद अपनाी भव्यता के लिए जानी जाती है, इसमें कई देशों से मंगाकर संगमरमर लगाया गया तो इसके झूमर और कालीन भी खास हैं। मस्जिद परिसर में पहुंचकर पीएम मोदी ने भी इसकी भव्यता को देखा और यहां के इमाम और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। पीएम मोदी की मुस्लिम देश ब्रुनेई की सबसे अलीशान मस्जिद में जाने की पाकिस्तान में भी चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के यूट्यूबर सुहेब चौधरी ने नरेंद्र मोदी के ब्रुनेई विजिट और मस्जिद में जाने पर लोगों से बात की है। सुहेब से बात करेत हुए मोदी के फैन कहे जाने वाले आबिद अली ने कहा कि भारतीय पीएम का ये दौरा काफी कुछ बताता है। आबिद ने कहा कि मोदी के दौरे से दो चीजें सबसे ज्यादा उभर के आईं। एक ये कि कुछ लाख की आबादी वाले ब्रुनेई ने दुनिया को दिखाया है कि कम आबादी के बावजूद उनकी हैसियत है।

# अफ्रीका: भ्रष्टाचार का डंक, 60 फीसदी युवा पलायन करना चाहते हैं

**अफ्रीकी 16 देशों** के 5,600 से अधिक युवाओं के एक ताजा सर्वे के मुताबिक 60 फीसदी अफ्रीकी युवा देश छोड़ने की सोच रहे हैं, क्योंकि अनियंत्रित भ्रष्टाचार उनके भविष्य के लिए खतरा है. इस सर्वे में कोई अहम बातें सामने आई हैं.

अफ्रीकी महाद्वीप के 16 देशों में किए गए एक हालिया सर्वे के नतीजों के मुताबिक, व्यापक भ्रष्टाचार के कारण 60 प्रतिशत युवा अफ्रीकी अपने देश छोड़ना चाहते हैं. दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सिबर्ग में मौजूद एशिकोविट्स फैमिली फाउंडेशन ने 18 से 24 साल की उम्र के 5,604 युवाओं की राय जानी और नतीजों के मुताबिक सर्वे में शामिल युवा भ्रष्टाचार को "एकमात्र सबसे बड़ी बाधा" के रूप में देखते हैं, जिसका सामना वे अपनी क्षमता और बेहतर जीवन को प्राप्त करने में करते हैं.

**क्यों होता है विस्थापन और पलायन**

**सरकार से निराश अफ्रीकी युवा**

सर्वे रिपोर्ट में कहा गया, "सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें भरोसा नहीं है कि उनकी सरकारें इस समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त कदम उठा रही हैं और इसी वजह से लगभग 60 फीसदी लोग अगले पांच सालों में देश छोड़ने की सोच रहे हैं."

अफ्रीकी यूथ सर्वे 2024 के बारे में एशिकोविट्स फैमिली फाउंडेशन का कहना है कि इसका दायरा और पैमाना दोनों ही अभूतपूर्व हैं. सर्वेक्षण में जनवरी और फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से लेकर इथियोपिया तक के देशों में युवाओं के साथ आमने-सामने बैठकर इंटरव्यू किए गए. इस




आयु वर्ग के लोगों में विदेश जाने के लिए पसंदीदा देशों में उत्तरी अमेरिका, इसके बाद ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन जैसे पश्चिमी यूरोपीय देश थे.

**यूरोप में सबसे ज्यादा खारिज होते हैं अफ्रीकियों के वीजा: रिपोर्ट**

**क्या सोचते हैं अफ्रीका के युवा**

सर्वे में शामिल आधे से अधिक (55 प्रतिशत) युवाओं ने कहा कि अफ्रीका "गलत दिशा" में जा रहा है. हालांकि वर्तमान सर्वेक्षण में 2022 की तुलना में "अफ्रीकी आशावाद" में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. फाउंडेशन ने कहा, "वे (सर्वे में शामिल युवा) भ्रष्ट राजनेताओं के खिलाफ सख्त प्रतिबंध चाहते हैं, जिसमें उनके चुनाव लड़ने पर रोक भी शामिल है. वे सरकार का एक अलग स्वरूप भी चाहते हैं." हालांकि इंटरव्यू में शामिल लगभग दो-तिहाई लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, लगभग 60 प्रतिशत ने लोकतंत्र के "अफ्रीकी-प्रेरित" स्वरूप का समर्थन किया. सर्वे में भाग लेने वाले हर तीन में से लगभग एक का मानना था ।

# पुतिन ने अमेरिकी चुनावों में कमला हैरिस का समर्थन करते हुए कहा, 'उनकी प्रभावशाली हंसी की करें प्रशंसा'



**व्लादिवोस्तोक। रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पसंद करते हैं। उन्होंने उनकी "मजेदार हंसी" की प्रशंसा की।

आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेते हुए रूसी नेता ने कहा कि वह हैरिस की "हंसी" की प्रशंसा करते हैं, जिनकी मां भारतीय थी और वह शीर्ष अमेरिकी पद के लिए पहली एशियाई अमेरिकी और अफ्रीकी अमेरिकी उम्मीदवार हैं।

हैरिस "इतने प्रभावशाली ढंग से हंसती हैं" कि इससे पता चलता है कि "उनके लिए सब कुछ ठीक चल रहा है।"

उन्होंने फोरम के पूर्ण सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा कि क्या चुनाव में उनका कोई पसंदीदा उम्मीदवार है, जबकि बाइडेन, जिनका उन्होंने पहले समर्थन किया था, चुनाव से बाहर हो गए हैं।

उनसे यह भी पूछा गया कि क्या वे नवंबर में चुनाव के विजेता को बधाई देने के लिए फोन करेंगे या नहीं।

पुतिन ने कहा कि पश्चिमी यूरोप या अमेरिकी नेताओं के साथ उनका सीधा संपर्क हुए काफी समय हो गया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अपने "पसंदीदा" को चुनना रूस का काम नहीं है, यह काम अमेरिकी मतदाताओं का है।

उन्होंने कहा की इसके पहले उन्होंने बाइडेन का समर्थन किया था, लेकीन अब वे इस दौड़ से हट गए हैं। चूंकी बाइडेन ने अपने समर्थकों से हैरिस का समर्थन करने के लिए कहा है, इसलिए मॉस्को भी ऐसा ही करेगा।

उन्होंने कहा की हैरिस के सकारात्मक रुख से पता चलता है की वह रूस पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जैसे प्रतिबंध लगाने से बचेंगी।

# पेइचिंग शिखर सम्मेलन में उपस्थित विदेशी मेहमानों के लिए स्वागत भोज



**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनकी पत्नी फंग लीयुआन ने बुधवार को पेइचिंग में चीन-अफ्रीका सहयोग मंच के पेइचिंग शिखर सम्मेलन में उपस्थित विदेशी मेहमानों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया।

इस मौके पर शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और अफ्रीका के साझे भविष्य वाले समुदाय का आधार मजबूत है, प्रारंभिक बिंदु उच्च है और संभावना विशाल है। इसने मानव जाति साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण के लिए आदर्श मिसाल खड़ी की। चीन और अफ्रीकी देशों ने साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद और आधिपत्य के विरुद्ध संघर्षों में मिलकर प्रयास किया। विकास और आधुनिकीकरण के रास्ते पर हम एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोविड- 19 महामारी की रोकथाम और अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मामलों में हमने सहयोग किया। अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में चाहे कोई भी परिवर्तन क्यों न आए, चीन और अफ्रीका के बीच मित्रता हमेशा मजबूत होगी।

शी चिनफिंग ने यह भी कहा कि साझे भविष्य वाले समुदाय का निर्माण मानव जाति का समान सपना है। आधुनिकीकरण सपनों को वास्तविकता से जोड़ने का एकमात्र रास्ता है। अतीत या वर्तमान में साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण में चीन और अफ्रीका आगे हैं। भविष्य में हम आगे ही रहेंगे। विश्वास है कि 2.8 अरब से अधिक चीनी और अफ्रीकी लोग अगर हाथ से हाथ मिलाएंगे, तो अवश्य ही आधुनिकीकरण के रास्ते पर प्रगति करेंगे और मानव जाति के साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण में ज्यादा योगदान देंगे।

वहीं, मंच के सह-अध्यक्ष देश सेनेगल के राष्ट्रपति बस्सिरौ डियोमाये फेय ने अफ्रीकी देशों के नेताओं की ओर से कहा कि अफ्रीका और चीन के बीच मित्रता का लंबा इतिहास है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ समान व्यवहार करते हैं, आपसी सम्मान करते हैं और एकजुट होकर सहयोग करते हैं। अफ्रीका चीन के साथ सहयोग मजबूत करने के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी बढ़ाना चाहता है, ताकि और अच्छे से समान हितों की रक्षा की जा सके।

# उत्तर कोरिया ने तनाव को 'बढ़ाने' के लिए अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास की निंदा की

**सियोल। डेमोक्रेटिक** पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) ने गुरुवार को संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हाल के सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि संयुक्त अभ्यास ने कोरियाई प्रायद्वीप पर सैन्य तनाव को बढ़ा दिया है। राज्य मीडिया ने कहा कि



इसकी रक्षा क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय शांति की गारंटी देती हैं।

राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के जन सूचना कार्यालय के प्रमुख द्वारा गुरुवार को जारी एक प्रेस बयान में, डीपीआरके ने पिछले महीने के उल्ची फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास की आलोचना की। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि यह दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास था, जिसमें 200 से अधिक युद्धक विमान और रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी और परमाणु हमलों से निपटने के लिए सुसज्जित अमेरिकी सेना इकाई इसमें शामिल हुई थी।

केसीएनए ने बयान में कहा, "बेहद लापरवाह और खतरनाक" संयुक्त लैंडिंग ड्रिल सैंगयोंग की भी निंदा की गई,

जो "डीपीआरके क्षेत्र पर खुले आक्रमण की आशंका" के लिए 26 अगस्त को शुरू हुई थी।

बयान में चेतावनी देते हुए कहा गया, "कोरियाई प्रायद्वीप पर इस तरह की धमकी भरी कार्रवाईयों के बढ़ने से केवल तनाव बढ़ेगा और क्षेत्र में सुरक्षा माहौल एक अपरिवर्तनीय विनाशकारी स्थिति में चला जाएगा।"

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डीपीआरके अपनी रक्षा क्षमताओं का निर्माण करेगा ताकि ताकत और कार्रवाई के जरिए राज्य की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति की गारंटी दी जा सके।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# म्यांमार में जुंटा सेना ने चीन सीमा के पास किए भीषण हवाई हमले

**नेपीडा: म्यांमार** की जुंटा सेना की ओर से उत्तरी शान राज्य में किए गए हवाई हमलों ने 11 लोगों की मौत हो गई है। जुंटा से लड़ रहे एक विद्रोही गुट के प्रवक्ता ने शुक्रवार को एएफपी को बताया कि उत्तरी शान राज्य में जुंटा ने बमबारी की है,

इसमें 11 नागरिक मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) के लेवे यायऊ के मुताबिक शुक्रवार को नमखम शहर में दो इलाकों में बमबारी की गई। उन्होंने कहा कि हमलों में 11 लोग मारे गए और 11 घायल हो गए। ये इलाका चीन के युन्नान प्रांत की सीमा से सिर्फ पांच किलोमीटर दूर हैं, जहां बमबारी की गई है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, तख्तापलट कर सत्ता में आए जुंटा को व्यापक सशस्त्र विरोध का सामना करना पड़ रहा है। विद्रोही गुटों से लड़ रहे जुंटा के सैनिकों पर हिंसा और आम नागरिकों पर हवाई और तोप से हमले करने के भी आरोप लगे हैं।

# स्पेन के विशेषज्ञ ने अफ्रीकी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में चीन की भूमिका पर प्रकाश डाला

**बीजिंग। स्पेन की** 'चाइना पॉलिसी ऑब्जर्वर वेबसाइट' पर प्रकाशित 'चीन अफ्रीका का चेहरा बदल रहा है' शीर्षक वाले हाल के लेख में, स्पेनिश विशेषज्ञ जूलियो रियोस ने अफ्रीका के आर्थिक विकास में चीन के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में। रियोस ने अफ्रीका के लिए चीन के कृषि विकास मॉडल के महत्व पर प्रकाश डाला, जहां कृषि एक प्रमुख आर्थिक स्तंभ बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि चीन अफ्रीकी किसानों और परिवारों को कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद करके पूरे महाद्वीप में भूख से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस सहायता में सैकड़ों कृषि विशेषज्ञों को अफ्रीका भेजना और स्थानीय कृषि पेशेवरों के लिए हजारों प्रशिक्षण अवसर प्रदान करना शामिल है। पिछले तीन वर्षों में,



चीनी कंपनियों ने भी कई नौकरियों का सृजन करके और आर्थिक और व्यापार सहयोग क्षेत्र स्थापित करके अफ्रीका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों ने महाद्वीप में 1,000 से अधिक कंपनियों को आकर्षित किया है, जो स्थानीय कर राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय को बढ़ा रही हैं। रियोस के अनुसार, अफ्रीका के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक निर्माण में चीन की भागीदारी स्पष्ट रूप से महाद्वीप को बदल रही है। लेख में अफ्रीका में चीन की ऋण नीतियों को लेकर चल रही बहस को भी संबोधित किया गया है। जबकि, कुछ आलोचकों ने चिंता जताई है, रियोस ने इस बात पर जोर दिया कि चीन विभिन्न माध्यमों से अफ्रीकी देशों को ऋण दबाव कम करने में मदद करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भविष्य को देखते हुए, रियोस ने कहा कि चीन अपने विकास मॉडल को विकसित करने की चुनौतियों के बावजूद अपने बाजार को खोलने और अन्य देशों के साथ आर्थिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।